राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
Www.vishalindia.in

# विशाल इंडिया

सच्चाई की राह पर !
गौतमबुद्धनगर से प्रकाशित

वर्ष : 14
अंक : 230
पृष्ठ : 08
गौतमबुद्धनगर
मंगलवार 15 जुलाई 2025
मूल्य :2 /-
RNI No .UPHIN/2014/55236



मुख्य अपडेट
पेज 3 नोएडा प्राधिकरण ने लॉन्च की 12 इंडस्ट्रियल प्लाट की स्कीम
पेज 4 मुख्तार का शूटर शाहरुख ढेर, 8 महीने पहले शादी हुई
पेज 6 नीरज सहित कई एथलीट विश्व चैंपियनशिप से पहले यूरोप और

## संक्षिप्त खबरें

### अमरनाथ यात्रा-11 दिन में 2 लाख श्रद्धालुओं ने दर्शन किए

अमरनाथ यात्रा के पहले 11 दिनों में 2 लाख से ज्यादा श्रद्धालुओं ने पवित्र गुफा में हिम शिवलिंग के दर्शन किए हैं। रविवार को 20,000 तीर्थयात्री दर्शन के लिए पहुंचे। यात्रा 3 जुलाई से शुरू हुई थी। इधर सोमवार को 6,100 यात्रियों का छठा जत्था सोमवार को जम्मू से गांदरबल के बालटाल और पहलगाम के नुनवान बेस कैंप के लिए रवाना हुआ। गांदरबल जिले के जेड-मोड़ टनल के पास तीर्थयात्रियों के काफिले का वाहन पलट किया। हादसे में सीआरपीएफ के 3 जवान घायल हो गए। इससे पहले रविवार को कुलगाम में 3 बसों की आपस में टक्कर होने से 10 यात्री घायल हुए थे।

### बेगूसराय में 3 युवकों को गोली मारी, एक की मौत

**बेगूसराय।** बेगूसराय में सोमवार को बदमाशों ने दिनदहाड़े 3 युवकों को गोली मार दी। इसमें एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई। बाकी दोनों की हालत गंभीर बनी हुई है। 7-8 राउंड फायरिंग हुई है। घटना लोहिया नगर थाना क्षेत्र के बाघा रेलवे गुमटी के पास की है। मृतक की पहचान अमित कुमार (25) के तौर पर हुई है। जानकारी के मुताबिक रेलवे गुमटी के पास अमित छोटे वाहनों से बैरियर वसूलता था। सुबह करीब 11: 30 बजे स्टाफ प्रिंस कुमार के साथ बैरियर पर बैठा था। इस दौरान 2 बाइक से 4 अपराधी पहुंचे। ताबड़तोड़ फायरिंग शुरू कर दी।



### हैप्पी मॉर्निंग

यमराज (पति से)- चलो मैं तुम्हे लेने आया हूं तुम्हारा समय पूरा हुआ
पति- लेकिन अभी तो मेरी उम्र नहीं हुई और मैं एकदम स्वस्थ हूं
यमराज- तुम अपना मोबाइल बिना लॉक किए घर पर भूल गए हो और वो तुम्हारी पत्नी के हाथ लग गया है पति- मैं भैंसे पर आगे बैठूंगा....




### शायरी

सत्ता का लालच, ईमान को खा गया,
भ्रष्टाचार की आग में, देश जल गया।

### अर्थसार

संसेक्स:
82,253.46
-247.01 (0.30%)
निफ्टी:
25,082.30
-67.55



### मौसम



अधिकतम : 32 डिग्री से0
न्यूनतम : 26 डिग्री से0
सूर्योदय बुधवार : 5 : 38
सूर्यास्त मंगलवार : 7 : 27

# बिहार में बाढ़-बिजली गिरने से 13 की मौत

**राजस्थान में 7 की जान गई, एमपी के 4 जिलों में बाढ़; लैंडस्लाइड से चंडीगढ़-मनाली हाईवे बंद**

▸ राजस्थान में भी बीते 1 दिन में बारिश की घटनाओं में 7 लोगों की मौत हो गई है।



**नई दिल्ली/भोपाल/लखनऊ।** बिहार में बीते 24 घंटे में बाढ़-बिजली गिरने से 13 लोगों की मौत हो गई है। बिजली गिरने से प्रदेश में 9 लोगों की जान चली गई। इनमें सबसे ज्यादा 5 मौतें बांका में हुई। वहीं, बाढ़ से गयाजी में 2, नालंदा और पटना में 1-1 व्यक्ति की मौत हुई है।

राजस्थान में भी बीते 1 दिन में बारिश की घटनाओं में 7 लोगों की मौत हो गई है। भीलवाड़ा में दो चचेरे भाइयों की बरसाती नाले में और राजसमंद में तालाब में डूबने से भाई-बहन की मौत हो गई।

ब्यावर में कीचड़ में गिरने से बच्चे की जान चली गई। भरतपुर में बिजली गिरने से पाली में बारिश में करंट लगने से 1-1 व्यक्ति की मौत हो गई। मध्य प्रदेश के छतरपुर, टीकमगढ़, अशोकनगर और गुना में बाढ़ के हालात हैं।

रविवार को इन जिलों के कई गांव बाढ़ में घिरे रहे। छतरपुर में धसान नदी में पिकअप बह गई। इससे एक व्यक्ति की मौत हो गई।

हिमाचल प्रदेश में इस मानसून सीजन में बारिश, बाढ़ और लैंडस्लाइड की घटनाओं में 98 लोगों की मौत हुई है। अब तक 770 करोड़ रुपए का नुकसान हो चुका है। मंडी में चंडीगढ़-मनाली हाईवे एक बार फिर लैंडस्लाइड के चलते बंद हो गया है। यूपी के बांध ओवरफ्लो होने लगे हैं। ललितपुर स्थित गोविंद सागर बांध के 17 गेट खोल दिए गए हैं। वाराणसी में गंगा नदी उफान पर है। रत्नेश्वर महादेव मंदिर 80 फीसदी डूब चुका है। वहीं, भगवान बुद्ध की 80 फीट ऊंची प्रतिमा पर बिजली गिरने से शिखर क्षतिग्रस्त हो गया।

**आंध्र प्रदेश में आमों से लदा ट्रक पलटा**

# नीचे दबकर 9 मजदूरों की मौत, 10 लोग घायल

आंध्र प्रदेश के अन्नमय्या जिले में रविवार रात दर्दनाक हादसा हो गया। आमों से लदा एक ट्रक पलट गया जिससे 9 मजदूरों की मौत हो गई और 10 अन्य घायल हैं। मृतकों में 5 महिलाएं शामिल हैं। घायलों को राजमपेट के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। यह हादसा पुल्लमपेटा मंडल के रेड्डी चेरुवु कट्टा में हुआ, जो कडपा शहर से लगभग 60 किमी दूर है। पुलिस के अनुसार, आमों के ढेर के ऊपर बैठे मजदूर ट्रक पलटने से उसके नीचे दब गए।



रिपोर्ट के मुताबिक, ट्रक चालक इस हादसे में बच गया। ड्राइवर ने पुलिस को बताया कि सामने से आ रही कार से टक्कर से बचने की कोशिश में नियंत्रण खो दिया। रेलवे कोडुरु और तिरुपति जिले के वेंकटगिरी मंडल के 21 दिहाड़ी मजदूर एसुकापल्ली और आसपास के गांवों में आम तोड़ने गए थे। ट्रक आमों के साथ रेलवे कोडुरु बाजार जा रहा था और मजदूर इसके ऊपर बैठे थे। हादसे में मजदूर 30-40 टन आमों के नीचे दब गए। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जेसीबी की मदद से बचाव कार्य शुरू किया।

### 8 मजदूरों की मौके पर ही मौत

ट्रक और आमों के ढेर के नीचे दबने से 8 मजदूरों की मौके पर ही मौत हो गई।

इनकी पहचान गज्जाला दुर्गैया, गज्जाला लक्ष्मी देवी, गज्जाला रमना, गज्जाला श्रीनु, राधा, वेंकट सुब्बम्मा, चित्तेम्मा और सुब्बा रत्नम्मा के रूप में हुई। मुनिचंद्र की मौत राजमपेट के अस्पताल में हुई।

## हरियाणा में सिंगर फाजिलपुरिया पर फायरिंग

**गुरुग्राम।** हरियाणा के गुरुग्राम में मशहूर हरियाणवी सिंगर और रैपर राहुल फाजिलपुरिया पर मशहूर पंजाबी सिंगर सिद्धू मूसेवाला स्टाइल में फायरिंग की गई है। फाजिलपुरिया पर कार सवार बदमाशों ने पीछा कर गोलियां चलाईं। इस हमले में फाजिलपुरिया बाल-बाल बचे। हमले का पता चलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई हैं। हालांकि अभी फाजिलपुरिया पुलिस को नहीं मिले हैं। 3 महीने पहले ही फाजिलपुरिया की सिक्योरिटी वापस ली गई थी पुलिस के मुताबिक फाजिलपुरिया अपने गांव फाजिलपुर से सफेद रंग की थार में जा रहे थे। इसी दौरान जब वे गुरुग्राम के साउदर्न पेरिफेरल रोड से गुजर रहे थे तो पीछे से टाटा पंच में सवार बदमाशों ने उनका पीछा शुरू कर दिया। उनकी गाड़ी के करीब पहुंचने के बाद पंच सवार बदमाशों ने उन पर गोलियां चलानी शुरू कर दीं। जैसे ही फाजिलपुरिया को गोलियों की आवाजें आईं तो उन्होंने कार तेजी से दौड़ा ली।

## गोल्डन टेंपल को आरडीएक्स से उड़ाने की धमकी

**अमृतसर।** पंजाब के अमृतसर में गोल्डन टेंपल को बम से उड़ाने की धमकी मिली है। यह धमकी सोमवार को ईमेल के जरिए आई। इसके बाद गोल्डन टेंपल के अंदर शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी की टास्क फोर्स और बाहर पुलिस तैनात की गई है। एसजीपीसी के मेंबर कुलवंत सिंह मनन ने बताया कि ईमेल में गोल्डन टेंपल को सोमवार को मेल आई। इसमें आरडीएक्स से उड़ाने की बात लिखी थी। उसमें समय भी लिखा था और सतर्क रहने को कहा गया है। ऐसा लगा रहा है जैसे डर का माहौल पैदा करने के लिए ऐसा किया गया है। मनन ने बताया कि धमकी के बाद गोल्डन टेंपल की सुरक्षा बढ़ा दी गई है। टास्क फोर्स को स्पेशल हिदायत दी गई है कि संदिग्ध व्यक्तियों की जांच की जाए, ताकि किसी भी अप्रिय घटना को होने से रोक जा सके। ईमेल किसने और कहां से भेजा है, इसकी जांच की जा रही है। पुलिस कमिश्नर और थाना ई डिवीजन में शिकायत दी गई है।

# डीजीसीए का आदेश- सभी बोइंग विमानों के फ्यूल स्विच जांचें

**अहमदाबाद प्लेन क्रैश पर एएआईबी की रिपोर्ट के बाद फैसला; बोइंग का दावा- सिस्टम एकदम सही**

**वॉशिंगटन डीसी।** भारत में रजिस्टर्ड सभी बोइंग विमानों के फ्यूल कंट्रोल स्विच की जांच होगी। डायरेक्टोरेट जनरल ऑफ सिविल एविएशन ने एयरलाइंस को सोमवार को आदेश जारी किया। इसमें कहा गया है कि जांच 21 जुलाई तक पूरी कर ली जाए। डीजीसीए ने बोइंग के सभी एयरलाइन ऑपरेटरों को सलाह दी है कि वे जांच पूरी होने के बाद रिपोर्ट सौंपें। यह फैसला अहमदाबाद प्लेन क्रैश की शुरुआती जांच रिपोर्ट सामने आने के बाद लिया गया है, यह रिपोर्ट एयरक्राफ्ट एक्सीडेंट इनवेस्टीगेशन



ब्यूरो ने 12 जुलाई को जारी की थी। रिपोर्ट में कहा गया है कि अहमदाबाद प्लेन क्रैश के दौरान फ्यूल कंट्रोल स्विच, रन से कटऑफ और फिर वापस रन में बदल जाने के कारण इंजनों को ईंधन मिलना बंद हो गया था।

एतिहाद समेत कुछ विदेशी एयरलाइनों ने अपने ड्रीमलाइनर्स की जांच पहले ही शुरू कर दी है। भारतीय एयरलाइन्स 150 से ज्यादा बोइंग 737 और 787 विमानों का संचालन कर रही हैं।

एअर इंडिया, एअर इंडिया एक्सप्रेस, अकासा एयर, स्पाइसजेट और इंडिगो इन विमानों का संचालन करने वाली घरेलू एयरलाइन्स हैं।

इंडिगो के पास सात बी-737 मैक्स 8 और एक बी-787-9 विमान हैं। ये सभी विमान लीज पर, वेट लीज पर या फिर डैम्प लीज पर हैं। इसलिए भारत में रजिस्टर्ड नहीं हैं।

# बंगाल में फिर बवाल; भाजपा के 12 घंटे के बंद के दौरान प्रदर्शनकारियों की पुलिस से झड़प, सड़कें जाम

**मेदिनीपुर।** पश्चिम बंगाल में पूर्व मेदिनीपुर जिले के खेजुरी इलाके में 2 व्यक्तियों की अस्वाभाविक मौत का मामला गरमा गया है। इस घटना के विरोध में भाजपा की ओर से सोमवार को 12 घंटे का बंद बुलाया गया। इस दौरान प्रदर्शनकारियों की पुलिस के साथ झड़प हुई और सड़कें जाम कर दी गईं। 23 वर्षीय सुजीत दास और 65 वर्षीय सुधीर चंद्र पाइक शुक्रवार रात खेजुरी के जनका इलाके में मुहर्रम के कार्यक्रम में शामिल होने गए थे। उसी दौरान उनकी मौत हो गई।



राज्य विधानसभा में विपक्ष के नेता शुभेंदु अधिकारी ने दावा किया कि तृणमूल कांग्रेस के स्थानीय नेता सहित 7 लोगों ने उन्हें पीट-पीटकर मार डाला। हालांकि, पुलिस ने कहा कि दोनों की मौत एक बिजली के खंभे से हैलोजन लाइट के दुर्घटनावश गिर जाने के कारण हुई। उनके साथ मारपीट या हथियारों से हमला किए जाने का कोई संकेत नहीं मिला। घटना के विरोध में बुलाए गए बंद के दौरान भाजपा समर्थकों ने कई घंटों तक राजमार्गों पर पेड़ों के लट्ठों से रास्ता जाम कर दिया।

# पंजाब में धार्मिक ग्रंथों की बेअदबी पर उम्रकैद होगी

**आप सरकार ने नया बिल पेश किया, चारों धर्मों के ग्रंथ शामिल**

चंडीगढ़। पंजाब की आम आदमी पार्टीसरकार ने धार्मिक ग्रंथों की बेअदबी को लेकर विधानसभा में बिल पेश कर दिया है। इसके मुताबिक अगर कोई किसी भी धार्मिक ग्रंथ की बेअदबी (अपमान) करता है तो उसे 10 साल की कैद से लेकर आजीवन कारावास तक की सजा हो सकती है। इस कानून में धार्मिक ग्रंथों में सिखों के श्री गुरु ग्रंथ साहिब के साथ हिंदुओं की श्रीमद्भागवत गीता, मुस्लिमों की कुरान शरीफ और ईसाई धर्म की बाइबल को भी शामिल किया गया है।

पंजाब सरकार ने इसे पंजाब पवित्र ग्रंथ बिल-2025 का नाम दिया है। सीएम भगवंत मान ने यह बिल पेश किया। इस बिल पर अब कल होने वाले पंजाब विधानसभा के चौथे व आखिरी दिन के सत्र में चर्चा होगी। चूंकि पंजाब में आम आदमी पार्टी के पास 117 में से 93 विधायक हैं, ऐसे में बिल पास होना तय है।

## पंजाब के 114 वर्षीय एथलीट फौजा सिंह की मौत

**जालंधर।** दुनिया भर में अपने अद्भुत मैराथन रिकॉर्ड्स के लिए मशहूर एथलीट फौजा सिंह का सोमवार को पंजाब के जालंधर में निधन हो गया। 114 साल के फौजा सिंह को जालंधर में उनके घर के बाहर एक अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। हादसा देर शाम को हुआ। गंभीर रूप से घायल फौजा सिंह को इलाज के लिए एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया था, जहां इलाज के दौरान उन्होंने रात में अंतिम सांस ली। हादसे की सूचना मिलते ही जालंधर पुलिस की टीमें मौके पर पहुंचकर जांच में जुट गई हैं।

# मनी लॉन्ड्रिंग केस : रॉबर्ट वाड्रा से ईडी ने की 5 घंटे पूछताछ

**आर्म्स डीलर संजय भंडारी से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग केस में तीसरे समन पर पहुंचे थे**

▸ ईडी वाड्रा का बयान दर्ज करने के बाद भंडारी मामले में एक नया आरोपपत्र दाखिल करेगा।

**नई दिल्ली।** कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी वाड्रा के पति रॉबर्ट वाड्रा से सोमवार को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने ब्रिटेन स्थित हथियार सलाहकार संजय भंडारी से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग के मामले में लगभग 5 घंटे तक पूछताछ की। वाड्रा सुबह 11 बजे के बाद एजेंसी के दफ्तर पहुंचे थे। पूछताछ



शाम 5 बजे के बाद खत्म हुई, इस दौरान वाड्रा केवल दोपहर के भोजन के समय बाहर गए थे।

सूत्रों ने बताया कि वाड्रा को फिर से पूछताछ के लिए बुलाया जा सकता है क्योंकि वे भंडारी और उनके परिवार के सदस्यों के साथ अपने वित्तीय संबंधों से जुड़े कुछ सवालों के जवाब देने में असफल रहे। यह भी कहा जा रहा है कि ईडी वाड्रा का बयान दर्ज करने के बाद भंडारी मामले में एक नया आरोपपत्र दाखिल करेगा।

एजेंसी ने पिछले महीने उन्हें इस मामले में पूछताछ के लिए दो बार बुलाया था, लेकिन उन्होंने विदेश यात्रा के कारण अपने समन को स्थगित करने का अनुरोध किया था।

एजेंसी रॉबर्ट वाड्रा से मनी लॉन्ड्रिंग के तीन अलग-अलग मामलों में पूछताछ कर रही है, जिनमें यह मामला भी शामिल है। अन्य दो मामले भूमि सौदों में अनियमितताओं से जुड़े हैं।

**हेट स्पीच** — **लेकिन नागरिकों की अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता बनी रहे; आरोपी की गिरफ्तारी पर रोक लगाई**

# सुप्रीम कोर्ट बोला- केंद्र-राज्य सरकारें हेट स्पीच को रोकें

एजेंसी

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को कहा- केंद्र और राज्य सरकारें हेट स्पीच यानी नफरत फैलाने वाले भाषणों को रोकें। साथ ही इस बात का ध्यान रखें कि नागरिकों की अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का उल्लंघन न हो।

जस्टिस बीवी नागरत्ना और जस्टिस केवी विश्वनाथन की बेंच ने कहा- लोग नफरत भरे भाषण को बोलने की आजादी समझ रहे हैं, जो गलत है। लोगों को अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता को लेकर जागरूक करने की जरूरत है, ताकि सरकार को इसे नियंत्रित करने की जरूरत न पड़े।

सुप्रीम कोर्ट ने ये बातें कोलकाता के वजाहत खान की याचिका पर सुनवाई के दौरान की। उस पर कई राज्यों में सोशल मीडिया पर नफरत और सांप्रदायिक अशांति भड़काने वाला कंटेंट पोस्ट करने के आरोप में मामले दर्ज किए गए हैं।

सुप्रीम कोर्ट बोला- लोगों को हेट स्पीच कंटेंट को लाइक नहीं करना चाहिए सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र, राज्यों और वजाहत खान के वकील से सुझाव मांगे कि अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता को नुकसान पहुंचाए बिना हेट स्पीच को कैसे नियंत्रित किया जा सकता है।

कोर्ट कहा- लोगों को हेट स्पीच क्यों अटपटे और गलत नहीं लगते हैं। ऐसे कंटेंट पर नियंत्रण होना चाहिए। साथ ही लोगों को भी ऐसे नफरत भरे कंटेंट को शेयर करने और लाइक करने से बचना चाहिए।



### वकील बोला- मेरे क्लाइंट ने माफी मांग ली है

सुप्रीम कोर्ट ने खान की गिरफ्तारी पर रोक जारी रखी है। साथ ही कहा, बार-बार एफआईआर और जेल भेजने से क्या फायदा? क्या वास्तव में सभी केस एक ही ट्वीट से जुड़े हैं? इस पर खान के वकील ने कहा- मेरे क्लाइंट ने पुराने ट्वीट्स को लेकर माफी मांग ली है। मैं सिर्फ यही चाहता हूं कि कोर्ट यह देखे कि सभी एफआईआर वाकई इन्हीं ट्वीट्स से जुड़ी हैं या नहीं।

# बोर्ड लगाकर बताएं-समोसे में कितना तेल, जलेबी में कितनी शक्कर

**केंद्र सरकार का आदेश- स्कूल-ऑफिस कैंटीन खाने में कैलोरी की जानकारी दें**

**नई दिल्ली।** आपके समोसे में कितना तेल है, लड्डू और जलेबी में कितनी शक्कर है और वड़ा पाव में कितनी कैलोरी है, यह जानकारी भी स्नैक्स के साथ मिलेगी।

स्वास्थ्य मंत्रालय ने केंद्र सरकार के सभी विभागों से कहा है कि वे अपनी कैंटीन में बेचे जा रहे सामान के लिए तेल और शक्कर चेतावनी बोर्ड लगाएं।


देश में बढ़ते मोटापे, डायबिटीज, हाई ब्लड प्रेशर और दिल की बीमारियों को कम करने के लिए स्वास्थ्य मंत्रालय ने ये कदम उठाया है।



### समोसा-जलेबी पर चेतावनी होगी, लेकिन पाबंदी नहीं

मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक समोसे, जलेबी को लेकर चेतावनी तो लिखी जाएगी, लेकिन उन पर पाबंदी नहीं लगाई जाएगी। केंद्र सरकार के सभी मंत्रालयों, विभागों और स्वायत्त संस्थानों की कैंटीन में यही नियम लागू होगा।

# संपादकीय



## अहमदाबाद विमान हादसा : कई अनसुलझे सवाल



जितेन्द्र चौधरी, प्रधान संपादक, विशाल इंडिया हिंदी दैनिक

12 जून 2025 को अहमदाबाद के सरदार वल्लभभाई पटेल अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे से लंदन के लिए उड़ान भरने वाली एयर इंडिया की फ्लाइट एआई-171, बोइंग 787-8 ड्रीमलाइनर, टेकऑफ के कुछ ही सेकंड बाद मेघानी नगर में एक मेडिकल हॉस्टल परिसर में दुर्घटनाग्रस्त हो गई। इस हादसे में 242 यात्रियों और चालक दल के सदस्यों में से केवल एक यात्री, विश्वास कुमार रमेश, जीवित बचा। इसके अलावा, हॉस्टल में मौजूद 34 लोगों की भी जान चली गई, जिससे कुल मृतकों की संख्या 275 तक पहुंच गई। यह भारत के इतिहास में सबसे भीषण विमान हादसों में से एक है, जिसने कई सवालों को जन्म दिया है।

### हादसे की शुरुआती जानकारी

हादसा दोपहर 1: 38 बजे उड़ान भरने के दो मिनट बाद हुआ। विमान में 230 यात्री और 12 क्रू मेंबर सवार थे, जिनमें गुजरात के पूर्व मुख्यमंत्री विजय रूपाणी और कई विदेशी नागरिक शामिल थे। विमान के दुर्घटनाग्रस्त होने के बाद आग लग गई, जिससे मृतकों की पहचान के लिए डीएनए टेस्टिंग की आवश्यकता पड़ी। अब तक 260 शवों की पहचान हो चुकी है, जिनमें से 256 शव परिजनों को सौंपे जा चुके हैं। लेकिन इस त्रासदी के पीछे के कारण अभी तक स्पष्ट नहीं हैं।

### तकनीकी खराबी या मानवीय भूल?

विमान दुर्घटना जांच ब्यूरो की प्रारंभिक रिपोर्ट में चौंकाने वाले खुलासे हुए हैं। रिपोर्ट के अनुसार, टेकऑफ के कुछ सेकंड बाद ही विमान के दोनों इंजन अचानक बंद हो गए। कॉकपिट वॉयस रिकॉर्डर में एक पायलट का सवाल दर्ज है, फ्यूल सप्लाई क्यों बंद कर दी ? जिसका दूसरा पायलट जवाब देता है, मैंने बंद नहीं किया। यह इंगित करता है कि फ्यूल कंट्रोल स्विच रन से कटऑफ मोड में चला गया, जिसके कारण इंजन बंद हो गए। एविएशन विशेषज्ञ संजीव कपूर ने इस रिपोर्ट को अधूरी बताया और सवाल उठाया कि कोई अनुभवी पायलट टेकऑफ के दौरान फ्यूल कट-ऑफ स्विच क्यों बंद करेगा।
विमान का दाहिना इंजन मार्च 2025 में बदला गया था, और जून 2023 में इसकी विस्तृत मेंटेनेंस जांच हुई थी। फिर भी, हादसे के कारणों पर संदेह बना हुआ है। कुछ विशेषज्ञों का मानना है कि इलेक्ट्रिकल सॉफ्टवेयर में गड़बड़ी हो सकती है, लेकिन इसकी पुष्टि नहीं हुई।

### जांच में अंतरराष्ट्रीय सहयोग

हादसे की जांच में एएआईबी के साथ अमेरिका का नेशनल ट्रांसपोर्टेशन सेफ्टी बोर्ड और ब्रिटेन की एयर एक्सिडेंट्स इन्वेस्टिगेशन ब्रांच शामिल हैं। विमान का ब्लैक बॉक्स, जिसमें डिजिटल फ्लाइट डेटा रिकॉर्डर और कॉकपिट वॉयस रिकॉर्डर शामिल हैं, मलबे से बरामद कर लिया गया है। इसे डिकोड करने का निर्णय एएआईबी लेगा। हालांकि, जांच की गति और पारदर्शिता पर सवाल उठ रहे हैं। संसद की पब्लिक एकाउंट्स कमिटी ने डीजीसीए और एएआईबी से पूछा है कि जांच कब तक पूरी होगी और क्या विदेशी विशेषज्ञों का सहयोग लिया जा रहा है।

### विमानन सुरक्षा पर सवाल

इस हादसे ने भारत में विमानन सुरक्षा को लेकर गंभीर सवाल खड़े किए हैं। विशेषज्ञों के अनुसार, टेकऑफ और लैंडिंग के दौरान हादसों की संभावना सबसे अधिक होती है। डीजीसीए ने एयर इंडिया के सभी बोइंग 787 ड्रीमलाइनर विमानों की गहन जांच के आदेश दिए हैं, लेकिन संसदीय समितियों ने सुरक्षा ढांचे की कमी और पहले की सिफारिशों को लागू न करने पर चिंता जताई है।

### मुआवजे और कानूनी कार्रवाई

टाटा ग्रुप ने मृतकों के परिजनों को 1 करोड़ रुपये और एयर इंडिया ने 25 लाख रुपये के मुआवजे की घोषणा की है। ब्रिटेन में पीड़ित परिवार लंदन की कीस्टोन लॉ फर्म के माध्यम से एयर इंडिया और बोइंग के खिलाफ मुकदमा दायर करने की योजना बना रहे हैं। अंतरराष्ट्रीय कानून के तहत मुआवजे की राशि बढ़ाने की मांग की जा रही है।

### निष्कर्ष

अहमदाबाद विमान हादसा न केवल एक त्रासदी है, बल्कि यह विमानन सुरक्षा और जांच प्रक्रिया की कमियों को भी उजागर करता है। क्या यह तकनीकी खराबी थी, मानवीय भूल, या कुछ और ? इन सवालों के जवाब जांच पूरी होने पर ही मिलेंगे। तब तक, यह हादसा हर किसी के लिए एक चेतावनी है कि सुरक्षा को कभी हल्के में नहीं लिया जा सकता।

## नॉर्थ कोरिया, रूस और चीन की जुगलबंदी

अमेरिका में डोनाल्ड ट्रंप के दूसरी बार राष्ट्रपति पद की ताजपोषी के साथ-साथ डोनाल्ड ट्रंप द्वारा रूस यूक्रेन युद्ध के युद्ध को विराम तो नहीं दे पाए किंतु युद्ध की आग को और भड़का दिया है। उधर परमाणु संपन्न देश चीन नॉर्थ कोरिया और रूस की त्रिगुटीय जुगलबंदी ने अमेरिका सहित नाटो यूरोपीय देश और यूक्रेन की नींद उड़ा दी है। उल्लेखनीय की नॉर्थ कोरिया और साउथ कोरिया के आपस के कड़वे रिश्ते के बीच अमेरिका का साउथ कोरिया को लेकर काफी हस्तक्षेप है जिसे नॉर्थ कोरिया कई दशक से पसंद नहीं करता आया है ।संयुक्त राष्ट्र संघ और एमनेस्टी इंटरनेशनल की भूमिका निरर्थक हो चुकी है वैसे भी संयुक्त राष्ट्र संघ अमेरिका तथा यूरोपीय देशों की कठपुतली बन चुका है। क्या मानवीय संवेदनाओं की आशाएं निर्मूल साबित हो रही हैं। वैश्विक शांति और अमन की कल्पनाओं से परे वैश्विक युद्ध की आशंका में उत्तर कोरिया ने भी अपना मोर्चा खोल दिया है ताजा ताजा घटनाक्रम में रूस के विदेश मंत्री लावरोव उत्तर कोरिया के दौरे पर जाकर वहां के समकक्ष चोई सांन संग से उत्तर कोरिया के शहर पूर्वी वोंनसान मैं अत्यंत महत्वपूर्ण मीटिंग की है ।रूसी विदेश मंत्री लावरोव ने उत्तरी कोरिया के तानाशाह नेता किम जोंग उन से भी मुलाकात कर रुस को यूक्रेन और अमेरिका के खिलाफ समर्थन देने की बात रखी जवाब में उत्तरी कोरिया के तानाशाह नेता किम जोंग उन ने रूस को अमेरिका यूरोप और यूक्रेन के खिलाफ निशर्त खुला समर्थन देने की घोषणा कर दी है। गौरतलब है कि उत्तरी कोरिया पिछले कई महीनो से मिसाइल का परीक्षण कर साउथ कोरिया अमेरिका तथा यूरोपीय देशों को सीधा-सीधा संदेश दिया है कि साउथ कोरिया और नॉर्थ कोरिया के संबंधों के बीच किसी देश के हस्तक्षेप को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उत्तर कोरिया की आधिकारिक न्यूज़ एजेंसी कोरियन सेंट्रल न्यूज एजेंसी के अनुसार दक्षिण कोरिया और उत्तर कोरिया के बीच अब तनाव बढ़ने लगा हैद्य उधर उत्तर कोरिया के बढ़ते परमाणु कार्यक्रम के जवाब में अमेरिका दक्षिण कोरिया व जापान त्रिपक्षीय त्रिपक्षी संधियां और सैनिक अभ्यास का विस्तार तथा फिर से बहाली कर रहे हैं।

# डिजिटल-क्रांति से ही नकली नोटों पर नियंत्रण संभव

-ललित गर्ग-



भारतीय रिज़र्व बैंक (आरबीआई) द्वारा हाल ही में जारी एक चौंकाने वाली रिपोर्ट ने न केवल अर्थव्यवस्था को, बल्कि राष्ट्र की सुरक्षा और नागरिकों की जागरूकता को भी झकझोर कर रख दिया है। आरबीआई के गवर्नर द्वारा संसदीय समिति में प्रस्तुत एक रिपोर्ट के अनुसार, वर्ष 2024-25 में 500 रूपये के लगभग 1.8 लाख नोट नकली पाए गए, जो पिछले वर्ष की तुलना में 37 प्रतिशत अधिक हैं। यह संख्या किसी सामान्य अपराध की नहीं, बल्कि राष्ट्र के विरुद्ध एक षड्यंत्र की कहानी कहती है। जो यह दर्शाता है कि कालाबाजारी करने वाले राष्ट्र विरोधी तत्व देश में मुद्रा की मांग का गलत फायदा उठा रहे हैं। विडंबना यह है कि राजस्व खुफिया निदेशालय द्वारा नोट में इस्तेमाल होने वाले आयातित कागज और नकली नोट छापने में शामिल ऑपरेटरों पर लगातार कार्रवाई के बावजूद यह गंभीर समस्या बनी हुई है। यह न केवल नकली मुद्रा के बढ़ते खतरे को रेखांकित करता है, बल्कि राष्ट्रविरोधी तंत्र की सुनियोजित साजिश का भी पर्दाफाश करता है। जबकि 2016 में नोटबंदी के ऐतिहासिक निर्णय के साथ ही प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने यह स्पष्ट कर दिया था कि भ्रष्टाचार, कालेधन और नकली नोटों के खिलाफ लड़ाई उनकी प्राथमिकताओं में है। नोटबंदी केवल एक आर्थिक सुधार नहीं, बल्कि डिजिटल अर्थव्यवस्था की नींव रखने वाला साहसी एवं युगांतरकारी कदम था।

आज भारत को सिर्फ बाहरी सीमाओं पर नहीं, बल्कि आर्थिक मोर्चे पर भी एक युद्ध लड़ना पड़ रहा है, नकली मुद्रा के खिलाफ, भ्रष्ट व्यवस्था के खिलाफ और राष्ट्रविरोधी मानसिकता के खिलाफ। इसमें विजय तभी संभव है, जब हम सब डिजिटल भारत के निर्माण में सहभागी बनें। नकली मुद्रा का मुद्दा केवल एक आर्थिक अपराध नहीं है। यह एक प्रकार का आर्थिक आतंकवाद है, जिसका उद्देश्य भारत की अर्थव्यवस्था को अस्थिर करना, महंगाई को बढ़ाना, काले धन को बढ़ावा देना और आतंकवाद को वित्त पोषण देना है। ये नकली नोट अधिकतर सीमापार से संचालित तंत्रों द्वारा भारत में भेजे जाते हैं, जो भारत की राजनीतिक स्थिरता, आर्थिक विकास और आंतरिक सुरक्षा को नुकसान पहुंचाना चाहते हैं। इस तरह राष्ट्र के विरुद्ध षड़यंत्र, साजिश एवं बड़े खतरों को अंजाम दिया जा रहा है। क्योंकि नकली नोट बाज़ार में असली नोटों के साथ मिलकर मुद्रा व्यवस्था को प्रभावित करते हैं। आम नागरिक अनजाने में इन्हें ले लेता है और आर्थिक नुकसान उठाता है। यह काले धन और आतंकवाद को पोषित करता है। नकली नोट सरकारी योजनाओं की निष्पक्षता और वितरण प्रणाली को भी प्रभावित करते हैं।

प्रधानमंत्री मोदी की डिजिटल क्रांति न केवल नकली नोटों को नियंत्रित करने का बल्कि राष्ट्र-विरोधी तत्वों को नेस्तनाबूद करने का सशक्त माध्यम है। यह मोदी की दूरदृष्टि एवं नये भारत-विकसित भारत के विजन की विजय है, उनके ही विचारों में डिजिटल लेन-देन केवल तकनीक नहीं, यह राष्ट्र निर्माण का माध्यम है। आज के भारत की अर्थव्यवस्था एक निर्णायक दौर से गुजर रही है। डिजिटल ग्राम योजना, ई-गवर्नेंस, डिजिटल साक्षरता अभियान यानी तकनीक को गाँव और गरीब तक पहुँचाने की पहल है। एक ओर प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में देश डिजिटल इंडिया की ओर तेजी से बढ़ रहा है, वहीं दूसरी ओर नकली नोटों की बाढ़ एक अदृश्य आतंकवाद बनकर देश की अर्थव्यवस्था, समाज और सुरक्षा को चुनौती दे रही है। निस्संदेह, हाल के वर्षों में, भारत ने नकली नोटों की कालाबाजारी पर अंकुश लगाने व काले धन पर रोक के लिये डिजिटल भुगतान को प्रोत्साहित करने के लिये अपनी स्थिति खासी मजबूत की है। सरकार की सोच है कि काले धन पर रोक लगाने के लिए नगद लेन-देन को हतोत्साहित किया जाए।

इस संकट की घड़ी में डिजिटल लेन-देन एक बड़ी राहत और समाधान बनकर उभरा है। यूपीआई, भीम मोबाइल वॉलेट्स, नेट बैंकिंग और कार्ड पेमेंट्स जैसे साधन नकली नोटों की समस्या को जड़ से समाप्त करने में सहायक हो सकते हैं। डिजिटल लेन-देन के लाभ ही लाभ है, पूर्ण पारदर्शिता यानी हर लेन-देन का डिजिटल रिकॉर्ड होता है, जिससे भ्रष्टाचार में कमी आती है। कर चोरी, हवाला, और मनी लॉन्ड्रिंग जैसी काली प्रवृत्तियाँ समाप्त होेती है। नकली मुद्रा की संभावनाओं पर विराम लगता है, जिससे राष्ट्र-विरोधी तत्वों के षड़यंत्र एवं साजिशें नाकाम होती है। लेन-देन सेकंडों में पूरा होता है और उनमें सरलता भी रहती है। पासवर्ड आधारित सुरक्षा व्यवस्था से लेन-देन सुरक्षित रहता है। सरकारी योजनाओं का सीधा लाभ लाभार्थियों तक पहुंचता है, पैसा सीधे उनके खातों में पहुँचता है, बिचौलियों की भूमिका समाप्त होती है। जिससे भ्रष्टाचार पर नियंत्रण होता है।

प्रधानमंत्री मोदी ने हर मंच पर डिजिटल लेन-देन को बढ़ावा देने की बात कही है। उन्होंने गाँव-गाँव जाकर लोगों को मोबाइल बैंकिंग, क्यूआर कोड, और कार्ड से भुगतान की शिक्षा देने की मुहिम चलाई है। इसका असर यह है कि आज भारत यूपीआई ट्रांजैक्शन में दुनिया में नंबर 1 है। डिजिटल इंडिया गरीब को ताकत देता है, मिडल क्लास को सुविधा देता है और राष्ट्र को मजबूती देता है। भारत की असली शक्ति अब डिजिटल प्रचलन बन रही है, जहाँ एक बटन से करोड़ों का ट्रांजैक्शन सुरक्षित होता है। मोदी की डिजिटल क्रांति ने भारत को इक्कीसवीं सदी की आर्थिक महाशक्ति बनने की दिशा में मजबूत आधार दे दिया है। हम सबकी जिम्मेदारी है कि इस डिजिटल युद्ध में सहभागी बनें, नकली नोटों को ना कहें, डिजिटल लेन-देन को अपनाएं। यही राष्ट्रभक्ति है, यही समय की माँग है। संदिग्ध नकदी की सूचना तुरंत संबंधित एजेंसियों को दें। नकली नोटों की पहचान करना सीखें और दूसरों को भी जागरूक करें। निश्चित ही जहाँ नकली नोट देश की आत्मा को खोखला करते हैं, वहीं डिजिटल मुद्रा राष्ट्र की नींव को मजबूत करती है।


निस्संदेह, यूनिफाइड पेमेंट्स इंटरफेस यानी यूपीआई ने भारत के आर्थिक लेन-देन तंत्र में क्रांति ला दी है। भुगतान के तमाम विकल्पों ने भारतीय नागरिकों के आर्थिक व्यवहार को बहुत आसान बना दिया है। हालांकि, अभी भी ऐसे लोगों की कमी नहीं है जो डिजिटल माध्यम से लेन-देन में परहेज करते हैं। निस्संदेह, नकदी पर उनकी निर्भरता का मूल कारण डिजिटल शिक्षा का अभाव ही है। साथ-ही-साथ डिजिटल भुगतान से जुड़े घपल्ले एवं घोटाले भी है। साथ ही इसके कारणों में भ्रष्टाचार और कर चोरी की नीयत भी शामिल है। ऐसे में सरकार को डिजिटल खाई को पाटने की दिशा में रचनात्मक पहल करनी चाहिए। वहीं दूसरी आर्थिक अनियमितताएं करने वाले तत्वों से भी सख्ती से निबटा जाना चाहिए। हालांकि, दो हजार के नोट अब प्रचलन से बाहर हो चुके हैं, लेकिन उनका कानूनी आधार बना हुआ है। इस दिशा में यथाशीघ्र निर्णय लिया जाना चाहिए। इस बात से इनकार नहीं किया जा सकता कि नकली मुद्रा के पीछे कुछ संगठित राष्ट्रविरोधी शक्तियाँ सक्रिय हैं। पाकिस्तान स्थित आईएसआई और उसके सहयोगी संगठनों पर पहले भी ऐसे आरोप लगते रहे हैं कि वे नकली भारतीय मुद्रा भारत में भेजकर आतंकवाद और अलगाववाद को आर्थिक समर्थन देते हैं। देश की सरकार ने डिजिटल इंडिया, जनधन योजना, आधार लिंकिंग, और यूपीआई जैसी क्रांतिकारी योजनाओं के ज़रिए नकदी पर निर्भरता घटाने का प्रयास किया है। लेकिन यह लड़ाई अकेली सरकार नहीं जीत सकती।

नकदी रहित अर्थव्यवस्था का सरकारी महत्वाकांक्षी लक्ष्य हासिल करने के मार्ग में अभी तमाम बाधाएं विद्यमान है। यह और भी बड़ी चिंता की बात है कि नोटबंदी के आठ साल बाद भी रियल एस्टेट क्षेत्र में काले धन का बड़े पैमाने पर इस्तेमाल बना हुआ है।

निस्संदेह, डिजिटल युग में भी 'नकदी ही राजा है' मानने वालों को रोकने के लिये जांच और कानूनों को सख्ती से लागू करने की जरूरत है। साथ ही इस दिशा में भी गंभीरता से विचार करना चाहिए कि भारतीय अर्थव्यवस्था को कमजोर करने की कोशिश में लगी विदेशी ताकतों की नकली करेंसी के प्रसार में कितनी बड़ी भूमिका है। विगत में पाकिस्तान से ड्रग मनी व आतंकी संगठनों की मदद के लिये नकली करेंसी के उपयोग की खबरें सामने आती रही हैं।


# टाईम पास

## काकुरो पहेली - 3591




खाली वर्गों में 1 से 9 तक के अंक लिखकर नीचे से ऊपर व दाएं से बाएं की जोड़ हल्के रंग के आधे वर्ग की संख्या से मेल खानी चाहिए. किसी भी अंक का उस जोड़ में पुनः उपयोग नहीं किया जा सकता.

उदाहरणत:



### काकुरो - 3590 का हल



## हंसी के फूव्वारें

बबलू अपने मित्र को पिछले रविवार का हाल बता रहा था. 'छुट्टी के दिन सुबह ही से मैं अपने बगीचे में काम कर रहा था. अचानक वहां मुझे एक सिक्का मिल गया. मैंने उसे उठाकर अपनी जेब में रख लिया और दोबारा काम करने लगा. फिर मुझे एक सिक्का मिला,उसे भी मैंने जेब में डाल लिया और काम शुरू कर दिया. तकरीबन दस बार ऐसा ही हुआ.'

मित्र ने दिलचस्पी से पूछा, 'क्यों, क्या कोई खजाना छिपा हुआ था वहां?'

बबलू ने बताया, 'नहीं यार, मेरी जेब फटी हुई थी.'

□ □ □

'अरे यार, आज सड़क पर इतने सारे पेपर क्यों पड़े हैं?'

'भई, ये नगर निगम के इश्तहार हैं. इनमें आम जनता से अपील की गयी है कि सड़कों पर गंदगी न फैलायें.'


□ □ □

एक स्त्री अपने पति को झिड़ककर बोली, 'हाय-हाय ! मेरी तो किस्मत ही फूट गयी, जो तुमसे विवाह हुआ. मुझे तुमसे अच्छे और ज्यादा अक्लमंद वर मिल रहे थे.'

पति बोला, 'बेशक वे मुझसे ज्यादा अच्छे और अक्लमंद थे. तभी तो तुम्हारे चंगुल में नहीं फंसे.'

□ □ □

## फिल्म वर्ग पहेली- 3591



### बायें से दायें:-

१. शाहरूख, अपूर्व अग्निहोत्री, महिमा की 'किसी रोज तुम से' गीत वाली फिल्म-४
४. 'हम बेवफा हरगिज न थे' गीत वाली धर्मेन्द्र, जीनत अमान की फिल्म-४
६. विनोद मेहरा, रीना राय की 'दिल का तोहफा लाई हूँ' गीत वाली फिल्म-४
९. 'मुझे दुनियावलों शरबी' गीत वाली दिलीपकुमार, वैजयंती की फिल्म-३
११. अजय, सैफ, विवेक, करीना, बिपाशा की 'बीड़ी जलई' गीतवाली फिल्म-४
१३. 'आ ये हसीना रात' गीत वाली जीतेंद्र, आदित्य, एकता की फिल्म-४
१६. अक्षयकुमार, रवीना की 'क्यूं आँचल हमारा गिरा जा' गीत वाली फिल्म-२
१७. 'आँखों से दिल में' गीत वाली फराज खान, सुमन रंगनाथन की फिल्म-३
१८. दिलीपकुमार, सायरा की 'सारे शहर में आपसा कोई' गीत वाली फिल्म-३
१९. 'रात दुल्हन बनी चॉंद दूल्हा बना' गीत वाली जीतेंद्र, बिस्वजीत, माला सिन्हा, मुमताज की फिल्म-३
२३. धर्मेन्द्र, संजीव, शर्मिला की 'जिंदगी है क्या बोलो' गीत वाली फिल्म-४
२५. 'दिल गम से' गीत वाली विजय, सुरैया की फिल्म जो सुरैया की अंतिम फिल्म थी-२
२६. संजयदत्त, उर्मिला की 'ओ भंवरे देखो हम दीवानों को' गीत वाली फिल्म-२
२७. आमिर, ममता कुलकर्णी की 'बाजी' में मुख्यमंत्री विश्वासराव चौधरी की भूमिका किसने की थी-२,३
२८. सनी, सुनील शेट्टी, शिल्पा की 'कोई परी आती नहीं' गीत वाली फिल्म-२
२९. फिल्म 'सात रंग के सपने' में अरविंद स्वामी के साथ नायिका कौन थी-२

### ऊपर से नीचे:-

१. अमिताभ, शाहरूख, सुनील, रानी, जूही की फिल्म-३
२. 'दुनिया में ऐसा कहाँ सबका नसीब' गीत वाली फिल्म-३
३. नसीरूद्दीनशाह, पूजा भट्ट की फिल्म-२
४. 'आते जाते हुए मैं सब पे नजर' गीत वाली फिल्म-२
५. इंद्रकुमार, आयशा जुल्का की फिल्म-३
७. आर्यन वैद, सोनाली कुलकर्णी की मकरंद देशपांडे निर्देशित फिल्म-३
८. सुनीलदत्त, आशा पारेख की फिल्म-२
१०. 'जादू तेरी नजर' गीत वाली फिल्म-२
११. अतीन भल्ला, संदली सिन्हा की फिल्म-२
१२. 'लम्हा लम्हा जिंदगी है' गीत वाली फिल्म-४
१३. मोहित अहलावत, निशा की फिल्म-२
१४. 'ये वादा करो चाँद' गीत वाली फिल्म-४
१५. मनोज बाजपेयी, रेखा, करिश्मा की फिल्म-३
१६. 'हम दर्द के मारों का इतना ही' गीत वाली फिल्म-२
२०. धर्मेन्द्र, संजीवकुमार, आशा की फिल्म-३
२१. 'जागे जागे नैनों में' गीत वाली फिल्म-३
२२. आफताब शिवदासानी, अमीषा पटेल, एशा देओल की फिल्म-४
२३. 'जब जब प्यार पे पहरा हुआ' गीत वाली फिल्म-३
२४. जीतेंद्र, श्रीदेवी की फिल्म-३
२५. 'इंतहा हो गई इंतजार की' गीत वाली अमिताभ, जया प्रदा की फिल्म-३

### फिल्म वर्ग पहेली- 3590



## सूडोकु -3591

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 7 | 9 | 4 | 2 | | 6 | | 3 |
| | 6 | | 8 | | 7 | | 2 | |
| 4 | 1 | | | | 3 | 5 | 8 | |
| | 9 | 8 | 3 | | | | | |
| 7 | | 4 | | 5 | | 8 | | 1 |
| | | | | | 9 | 7 | 3 | |
| | 8 | 5 | 7 | | | | 4 | 6 |
| | 2 | | 9 | | 1 | | 5 | |
| 3 | | 1 | | 6 | 8 | 9 | 7 | |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु -3590 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 9 | 5 | 1 | 3 | 7 | 2 | 4 | 6 |
| 7 | 3 | 2 | 6 | 5 | 4 | 1 | 8 | 9 |
| 1 | 6 | 4 | 8 | 9 | 2 | 7 | 5 | 3 |
| 5 | 7 | 3 | 4 | 2 | 9 | 6 | 1 | 8 |
| 4 | 2 | 8 | 5 | 6 | 1 | 3 | 9 | 7 |
| 6 | 1 | 9 | 3 | 7 | 8 | 5 | 2 | 4 |
| 3 | 5 | 1 | 9 | 4 | 6 | 8 | 7 | 2 |
| 2 | 4 | 6 | 7 | 8 | 5 | 9 | 3 | 1 |
| 9 | 8 | 7 | 2 | 1 | 3 | 4 | 6 | 5 |

## शब्द पहेली -3591



### बाएँ से दाएँ

1.दयालु.उदार-5
4.गगन,आकाश-4
7.सरिता-2
8.चोगा,गाऊन-3
9.छुट्टी,अवकाश-2
10.आबे हयात,काबा कूप-4
11.रिहा-2
13.खाना,भोजन करना-3
14.जिद-2
15.हिम्मत,बल-3
17.कारागार-2
19.रइसे आजम,सूरी-5
22.दुत्कारना,डांटना-5
25.सराबोर-2
26.भोर,सवेरा-3
28.मूल्य,कीमत-2
29.महीन,बहुत छोटा-3
30.फूंक,दम,सुट्टा -2
32.झंकार,प्रतिध्वनि-4
34.उष्णता,ज्वर-2
36.ओट,चिलमन-3
37.छोटा टुकड़ा-2
38.सराबोर,सना हुआ-4
39.निर्माता,रचना करने वाला-5

### ऊपर से नीचे

1.कैदी,बंधक-2
2.मुलायम-3
3.यात्री पोत,तैरता होटल-5
4.उर्दू में अभिवादन-3
5.पिटाई,चोट-2
6.नाजुकता-4
7.नया जीवन-5
10.मर्यादा-4
12.खाली,रिक्त-2
16.लाईन,पंक्ति-3
17.गर्मी का महीना-2
18.उदर-2
20.दीनहीन,दरिद्र-3
21.लश्कर,फौज-2
22.नष्ट,अद्वैतभाव-2
23.व्यवसाय,धंधा-4
24.नाम रखना -2,3
25.होशियार-5
26.सुर आलाप-2,2
27.अधिकार-2
31.प्रतिज्ञा-3
33.आकांक्षा,अभिलाषा-3
35.राह,मार्ग-2
37.टैक्स,हाथ-2

### शब्द पहेली -3590 का हल



# नोएडा प्राधिकरण ने लॉन्च की 12 इंडस्ट्रियल प्लाट की स्कीम

## 111 से लेकर 7430 वर्गमीटर के प्लाट, अधिकतम 16 करोड़ रिजर्व प्राइज, बोली से होगा आवंटन

**नोएडा।** नोएडा प्राधिकरण ने इंडस्ट्रियल प्लाट की स्कीम लॉन्च की है। 12 प्लाटों की स्कीम को निकाला गया है। जिसमें सभी 8000 वर्गमीटर से कम के है। 4 अगस्त तक ऑनलाइन अप्लाई किया जा सकता है। आवंटन ई-ऑक्शन के जरिए किया जाएगा। प्लाट और योजना से संबंधित और जानकारी प्राधिकरण की आधिकारिक वेबसाइट Noidaauthoriityonline.in पर की जा सकती है।

प्राधिकरण ने बताया कि काफी लंबे से इंडस्ट्रियल स्कीम नहीं आई थी। ऐसे में फेज-1 और फेज-2 में जमीन का सर्वे कराया गया। जिसके बाद खाली प्लाट को देखा गया। लैंड बैंक बनने के बाद काफी जमीन खाली मिली। हालांकि ये जमीन अलग-अलग सेक्टर में है। ऐसे में अभी 12 इंडस्ट्रियल प्लाट की स्कीम निकाली गई है।

प्राधिकरण ने कहा कि ये प्लाट सेक्टर-7, 8 , 10, 80 और 162 है। ये सभी सेक्टर पुराने और रोड इन्फ्रास्ट्रक्चर से बेहतर तरीके से कनेक्ट है। ऐसे में नीलामी के जरिए अच्छा राजस्व मिलने की उम्मीद है।




योजना के तहत सबसे छोटा प्लाट 111.48 वर्गमीटर सेक्टर-8 में है। जिसका रिजर्व प्राइज 56 लाख रुपए रखा गया है। सबसे बड़ा प्लाट सेक्टर-162 में 7430 वर्गमीटर का है। इसका रिजर्व प्राइज 16 करोड़ है। रिजर्व प्राइज के अनुसार सभी प्लाटों की ईएमडी भी अलग अलग है। योजना में हिस्सा लेने वालों को ईएमडी जमा करनी होगी।

### योजना के तहत प्लाट और रिजर्व प्राइज

सेक्टर-7 में 405.62 वर्गमीटर का प्लाट इसका रिजर्व प्राइज 20418911 रुपए है

सेक्टर-8 में दो प्लाट 111.48 और 1178.77 वर्गमीटर के है क्रमशः रिजर्व प्राइज 5611904 रुपए और 60822764 रुपए है।

सेक्टर-10 में दो प्लाट 112.58 और 118.95 वर्गमीटर के है। इनका रिजर्व प्राइज 5808960 रुपए और 6137642 रुपए है।

सेक्टर-80 में पांच प्लाट 450 वर्गमीटर के दो और 892,668 और 1350 वर्गमीटर के है। जिनका रिजर्व प्राइज 10013738 से 30773925 रुपए है।

सेक्टर-162 में दो प्लाट 7430 वर्गमीटर के है। जिनका रिजर्व प्राइज क्रमशः 157814241 रुपए और 161663386 रुपए है।

## शार्ट न्यूज

### नोएडा में बोल बम के जयकारों से गूंजे मंदिर

**नोएडा।** सावन के पहले सोमवार पर मंदिरों में सुबह से भक्तों की भीड़ रही। भक्त जल, दूध, दही , घी शहद से भगवान भोलेनाथ का अभिषेक किया। मंदिर में बैरिकेड की गई है। भक्त लाइन में लगकर अपनी बारी का इंतजार करते दिखे। इसमें सेक्टर-19 सनातन धर्म मंदिर, सेक्टर-20 हनुमान मंदिर और वोड़ा महादेव मंदिर में रुद्राभिषेक किया गया। उन्होंने बताया कि सुबह आरती के बाद भगवान का जलाभिषेक शुरू कर दिया गया। भक्तों को परेशानी न हो इसलिए मंदिर के बाहर ही प्रसाद से लेकर बेल पत्र और पूजन की अस्थाई दुकान लगी हैं। वोड़ा महादेव मंदिर के महंत ने बताया कि सावन के पहले सोमवार शुभ मुहूर्त में रुद्राभिषेक किया गया। इसके लिए हरिद्वार, प्रयागराज और मथुरा के विद्वान पंडित रुद्राभिषेक कराते हैं। इसमें बड़ी संख्या में भक्त हिस्सा ले रहे है। इसके अलावा सेक्टर-19 सनातन धर्म मंदिर में भी श्रद्धालुओं ने कतार में लगकर भोलेनाथ जलाभिषेक किया। सर्फाबाद में प्रचीन शिव मंदिर में भी बड़ी संख्या में श्रद्धालु मंदिर पहुंचे। मंदिर जयकारों से गूंजते दिखे। इसके अलावा नोएडा के सेक्टर-2 लाल मंदिर, सेक्टर-20 हनुमान मंदिर , सेक्टर-12 कलरिया बाबा मंदिर, सेक्टर-49 पार्वती मंदिर में सुबह से भक्तों की भीड़ रही। यहां भक्त जलाभिषेक किया।

### कांग्रेस का संगठन मजबूत करने का अभियान

**जेवर।** ग्रेटर नोएडा में जिला कांग्रेस कमेटी ने सोमवार को महत्वपूर्ण कदम उठाया। कमेटी ने ग्राम घंघौला और नीमका में दो नए ब्लॉक कार्यालयों का उद्घाटन किया। साथ ही संगठन सृजन समीक्षा बैठक का आयोजन भी किया। जिला अध्यक्ष दीपक भाटी चोटीवाला ने उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अजय राय के निर्देशों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि 100 दिन का संगठन सृजन अभियान चलाया जा रहा है। इस दौरान जिला, ब्लॉक, नगर, मंडल, न्याय पंचायत और बूथ स्तर पर कमेटियां बनाई जाएंगी। यह कदम 2026 के पंचायत चुनाव और 2027 के विधानसभा चुनावों की तैयारी के लिए उठाया गया है। जिला अध्यक्ष ने बताया कि स्वतंत्रता दिवस तक अभियान के 100 दिन पूरे होंगे। अब तक जिला, ब्लॉक और नगर कमेटियों का गठन हो चुका है। दनकौर और जेवर ब्लॉक के संगठन की समीक्षा की गई। जिला समन्वयक आलोक गौड़ ने ब्लॉक कांग्रेस को संगठन का बुनियादी ढांचा बताया। उन्होंने कहा कि पंचायत स्तर पर सामाजिक-राजनीतिक गतिविधियों में भागीदारी जरूरी है। जन समस्याओं को पहचानकर उन्हें उचित स्तर पर उठाना होगा।

### देरी से पहुंचे छात्रों को परीक्षा से रोका

**ग्रेटर नोएडा।** नॉलेज पार्क स्थित एक निजी कॉलेज पर छात्रों ने परीक्षा में शामिल नहीं होने देने का आरोप लगाया है। छात्रों का आरोप है कि सुबह हुई बारिश व जाम के कारण उन्हें केंद्र पर आने में देर हो गई। थोड़ी देर होने के कारण उन्हें परीक्षा से वंचित कर दिया गया। इस संबंध में छात्रों ने सोशल मीडिया के माध्यम से प्रबंधन पर तमाम आरोप लगाए हैं। छात्रों का कहना है कि सेमेस्टर परीक्षा के लिए केसीसी कॉलेज के छात्रों का सेंटर जीएल बजाज कॉलेज आया है। एक छात्र का कहना है कि परीक्षा के लिए जाने के दौरान एक्सीडेंट हो गया था ।हाथ और पैर में चोट लगी, साथ ही बारिश भी हो रही थी। पांच मिनट देरी से पहुंचने पर कॉलेज के प्रवेश द्वार पर खड़े सुरक्षाकर्मियों से प्रवेश देने का आग्रह किया, लेकिन उन्होंने प्रवेश नहीं दिया। सुरक्षाकर्मियों द्वारा बदसलूकी करने का भी आरोप लगाया गया है। वहीं, कॉलेज प्रबंधन की ओर से कहा गया कि छात्रों के आरोप निराधार है। कॉलेज प्रबंधन ने विश्वविद्यालय के नियमों का पालन किया गया है।

### लावारिस मिली बच्ची को परिजनों से मिलाया

**नोएडा।** सड़क पर लावारिस हालत में मिली बच्ची के परिजनों को तलाशकर पुलिस ने उनके सुपुर्द किया। सोशल मीडिया पर लोगों ने पुलिस के सराहनीय पहल की सराहना की है। सेक्टर-20 थाना प्रभारी ने बताया कि रविवार शाम को पीआरवी के माध्यम से सूचना मिली कि थानाक्षेत्र में दो साल की एक बच्ची लावारिस हालत में मिली है। वह न तो अपना नाम बता पा रही है और न ही घर का पता उसे याद है। इसके बाद पुलिस ने बच्ची को अपने संरक्षण में ले लिया और टीम बनाकर उसके परिजनों की तलाश शुरू कर दी ।एक महिला पुलिसकर्मी समेत चार पुलिसकर्मियों थानाक्षेत्र के गांवों और सेक्टरों में बच्ची को लेकर घूमने लगे। स्थानीय लोगों से बच्ची के परिजनों के बारे में जानकारी एकत्रित करते रहे। करीब एक घंटे की मशक्कत के बाद बच्ची के परिजनों की जानकारी पुलिस टीम को मिल गई। इसके बाद बच्ची को उनके सुपुर्द कर दिया गया। परिजन भी बच्ची को तलाश रहे थे।

### मारपीट मामले में दूसरे पक्ष के 20 लोगों पर केस दर्ज

**नोएडा।** सेक्टर-53 में दो जून को दो पक्षों में मारपीट और कार (थार) से कुचलने का प्रयास करने के मामले में सोमवार को नया मोड़ आ गया। आरोपी पक्ष ने कोर्ट के आदेश पर दूसरे पक्ष के पांच नामजद और 15 अज्ञात के खिलाफ सेक्टर-24 थाने में मुकदमा दर्ज कराया है। इस मामले में में एक पक्ष के तीन लोगों की पहले ही गिरफ्तारी हो चुकी है। गाजियाबाद निवासी अमित खारी ने न्यायालय में बताया कि दो जून को दिल्ली निवासी आयुष त्रिपाठी ने फोन कर आकाश अवाना के मोबाइल नंबर पर दिल्ली निवासी आयुष त्रिपाठी की दो जून की सुबह तीन बार कॉल आई ।आकाश अवाना के कॉल रिसीव न करने पर कुछ घंटे बाद फिर कॉल आई। दोपहर में आकाश ने कॉल की तो बात नहीं हो पाई। इसके बाद अज्ञात नंबर से आकाश अवाना के पास कॉल आई। उसने किसी लड़की को लेकर धमकी दी। उसने आरोप लगाया कि वह लड़की को मैसेज कर रहा है।

### गाजियाबाद में रात में रुक रुककर बारिश

**गाजियाबाद।** गाजियाबाद में सोमवार शाम झमाझम बारिश हुई, जिससे मौसम बदल गया। रात में भी रुक रुककर हल्की बारिश हुई। रात के तापमान में 2 डिग्री सेल्सियस की गिरावट आई है। जिससे शहर के लोगों को उमस भरी गर्मी से राहत मिली है। इससे पहले रविवार को दिन में कभी हल्की धूप तो कभी आसमान में बादल छाए हुए थे। गाजियाबाद में आज से 3 दिन बारिश की संभावना है। जहां सोमवार को 16 मिलीमीटर बारिश होने का अनुमान मौसम विभाग ने जताया है। दिन में कभी धूप को कभी बादल छाए रहेंगे। सोमवार सुबह तापमान 26 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। दिन में अधिकतम तापमान 33 डिग्री सेल्सियस पहुंचने का अनुमान है। पिछले 2 दिनों में रात व दिन के अधिकतम तापमान में 2 डिग्री सेल्सियस की गिरावट आई है। रविवार को हवा की गति सामान्य यानी 5 किमी प्रति घंटा से रही। जबकि शाम को तेज हवाओं के साथ बारिश हुई। आज दिन में भी 6 किमी प्रति घंटा से हवा रहेगी। शुक्रवार दोपहर को शहर व देहात में हल्की बारिश हुई, जिससे मौसम में बदलाव आया।

# नोएडा में दो प्रदेशों के मॉडल पर होगी पुनर्विकास नीति

## 30 साल पुरानी इमारतों को फायदा, मध्यप्रदेश- छत्तीसगढ़ की नीति का किया अध्ययन

**नोएडा।** शहर में जर्जर हो चुकी हाइराइज और लो राइज इमारतों को फिर से भव्य रूप दिया जाएगा। नोएडा में 30 साल पुरानी इमारतों में रहने वाले नोएडा के लोगों को इसका फायदा होगा। इसके लिए नोएडा प्राधिकरण ने पुनर्विकास नीति लागू की है। इस नीति को नोएडा की बोर्ड ने अप्रूवल दे दिया है। अब प्राधिकरण का प्लानिंग सेक्शन इस पर काम कर रहा है। इसे छत्तीसगढ़ और मध्यप्रदेश में लागू पुनर्विकास नीति के तहत बनाया जाएगा। जिसका एक प्रजेंटेशन कल बोर्ड रूम में हो सकता है।

### प्रजेंटेशन के बाद किया संशोधन

वहां से देखा जाएगा और संशोधन के बाद इसे लागू किया जाएगा। मध्यप्रदेश में पुनर्विकास नीति के तहत शहरी क्षेत्र में जर्जर इमारतों का पुनर्विकास पीपीपी मॉडल पर या सार्वजनिक प्राधिकरण या निजी डेवलपर द्वारा कराया जाता है। इस नीति में साफ है कि अवैध निर्माण और किराए पर रह रहे आवंटियों के लिए लागू नहीं होगा। छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश और नोएडा प्राधिकरण के पुनर्विकास नीति का मॉडल मिलते जुलते हैं। ऐसे में प्रजेंटेशन के बाद तय हो जाएगा कि इसमें और क्या संशोधन या लोगों को राहत दी जा सकती है।

प्राधिकरण ने बताया कि नोएडा की स्थापना उप्र औद्योगिक क्षेत्र विकास अधिनियम 1976 की धारा-3 के तहत किया गया। यहां बहुमंजिला इमारतों का निर्माण साल 1981 से शुरू हुआ। यहां लीज पर बिल्डरों को जमीन आवंटित की गई। यहां अपार्टमेंट बने जिसे सबलीज के जरिए बायर्स को दिया गया।

इसके अलावा प्राधिकरण ने भी कम आय वर्ग के लिए लो राइज ग्रुप हाउसिंग बनाए। जिसे भी लीज पर पात्र लोगों को बेचा गया। ऐसे जर्जर हो रहे भवन अत्यधिक बारिश और लो इंटेसेंटी के भूकंप से प्रभावित हो सकते है।

रि डेवलपमेंट पॉलिसी लेकर आया है। इससे नोएडा में 100 ग्रुप हाउसिंग और 500 लो राइज सोसायटियों का उद्धार होगा। इनमें रहने वाले लोगों को काफी लाभ हो सकता है। इमारतों को भव्य रूप देते समय भविष्य में इनका फ्लोर एरिया रेसियों (एफएआर) भी बढ़ेगा।

### पुर्नविकास के साथ मिलेगा अतिरिक्त एफएआर

इस नीति को और कारगर बनाने के लिए प्राधिकरण ने लिविंग स्टैंडर्ड में सुधार के लिए अतिरिक्त एफएआर देने की मंशा भी जताई है। प्राधिकरण ने बताया कि 1981 में जो भी निर्माण किया गया उसका एफएआर 1.5 था। समय के साथ एफएआर में बढ़ोतरी की गई। वर्तमान में एफएआर 3.5 है। जिन इमारतों में पुनर्विकास की आवश्यकता है उनका एफएआर 1.5 ही है। ऐसे में दुर्बल व को आपरेटिव सोसाइटी के पुनर्विकास के दौरान डेवलपर को 2.75 एफएआर दिया जा सकता है।

### पॉलिसी के तहत किन इमारतों का होगा पुनर्विकास

ऐसे हाइराइज इमारत जो स्ट्रक्चरल रूप से असुरक्षित घोषित की गई है या 30 साल से अधिक पुरानी है।

संरचनात्मक रूप से असुरक्षित घोषित किए जाने के लिए IIT/NIT या इसके समकक्ष संस्थान द्वारा इमारत को जर्जर घोषित किया गया हो।

पुनर्विकास के लिए इमारत के लीज होल्ड निवासियों में कम से कम 70 प्रतिशत सहमति आवश्यक।

डेवलपर द्वारा प्राधिकरण से मानचित्र पास कराना होगा।

यहां बनाए जाने वाली अतिरिक्त यूनिट को बेचने के लिए रेरा से रजिस्ट्रेशन कराना होगा।

निर्माण पूरा होने पर अधिभोग प्रमाण पत्र लेना होगा।

# नोएडा में थार से लोगों को कुचलने की कोशिश

## सड़क पर लापरवाही से ड्राइव करने का किया स्टंट, पुलिस ने जांच शुरू की

**नोएडा।** नोएडा में बारिश के बीच व्यस्त सड़क पर अजीबोगरीब तरीके से थार चलाकर लोगों की जान जोखिम में डालने का वीडियो सोशल मीडिया के विविध प्लेटफॉर्म पर वायरल हुआ है।

यूजर ने वायरल वीडियो में नोएडा पुलिस के अधिकारियों को टैग कर आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की है। वीडियो सेक्टर-125 स्थित एक यूनिवर्सिटी के आसपास का बताया जा रहा है।

### बेतरतीब तरीके से ड्राइव कर रहा चालक

सोशल मीडिया पर 11 सेकेंड का एक वीडियो वायरल हुआ। वीडियो में दिख रहा है कि व्यस्त सड़क पर थार गाड़ी तेजी से गुजर रही है। चालक इसे बेतरतीब तरीके से चला रहा है। बारिश होने के कारण लोग छाता लेकर सड़क पार कर रहे हैं।

कई युवतियां भी सड़क किनारे ऑटो का इंतजार कर रही हैं। ऐसे में लापरवाही से वाहन चलाने के कारण कई लोगों की जिंदगी खतरे में पड़ सकती थी।

काले रंग की थार का नंबर भी पीछे से नहीं दिख रहा है। सेक्टर-126 पुलिस ने वायरल वीडियो का संज्ञान लेकर मामले की जांच शुरू कर दी है।

### यही पर पुलिस ने चलाया था अभियान

यह पता लगाया जा रहा है कि वीडियो कहां का है और थार को कौन चला रहा था।

दो दिन पहले ही यूनिवर्सिटी के आसपास पुलिस अधिकारियों के निर्देश पर अभियान चलाया गया था। यातायात नियमों का उल्लंघन करने पर छह गाड़ियों का चालान हुआ था और दो गाड़ी सीज हुई थी। इसके बावजूद यहां पर स्टंटबाजी की घटनाएं नहीं थम रही है।

# नोएडा की आईटीआई में लगा रोजगार मेला

## 465 अभ्यर्थी हुए शामिल, 109 को मिला रोजगार, 22 कंपनियां हुई शामिल

**नोएडा।** उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन के तत्वाधान में राजकीय आईटीआई नोएडा सेक्टर 31 निठारी में हाई स्कूल, इंटरमीडिएट एवं आईटीआई पास युवाओं को रोजगार मुहैया कराने के उद्देश्य से रोजगार मेले का आयोजन किया गया। जिसका शुभारंभ राष्ट्रीय प्रवक्ता गोपालकृष्ण अग्रवाल, जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा एवं मुख्य विकास अधिकारी विद्यनाथ शुक्ल ने किया। मिशन के जिला समन्वक पुष्पेंद्र सिंह ने बताया कि रोजगार मेले में समस्त राजकीय और निजी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों से किसी भी ट्रेड में आईटीआई पास, दसवीं एवं 12वीं पास अभ्यर्थियों द्वारा प्रतिभाग किया गया। उन्होंने बताया कि रोजगार मेले में 22 प्रतिष्ठित कंपनियों द्वारा उपस्थित होकर युवाओं का रोजगार के लिए साक्षात्कार लिया गया। रोजगार मेले में 465 युवाओं ने उपस्थित होकर रोजगार मेले का लाभ उठाया, जिसमें से 109 युवाओं का चयन किया गया। इस दौरान जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा एवं मुख्य विकास अधिकारी विद्यनाथ शुक्ल ने चयन होने वाले अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र वितरित कर उनको शुभकामनाएं प्रेषित की। साथ ही डीएम ने उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन के अधिकारियों से कहा कि समय-समय पर इस तरह के रोजगार मेलों का आयोजन कराया जाए, ताकि अधिक से अधिक बेरोजगार युवकों को रोजगार प्राप्त हो सके।

### दहेज हत्या में पुलिस पर गंभीर आरोप

**जेवर।** ग्रेटर नोएडा में दहेज हत्या का एक मामला सामने आया है। दनकौर कोतवाली क्षेत्र के जमालपुर गांव में 8 जुलाई को एक महिला की मौत हो गई। मृतका के भाई भोलू ने बताया कि उनकी बहन पूजा की ससुरालवालों ने दहेज में प्लॉट और फॉर्च्यूनर गाड़ी की मांग की थी। पूजा के परिजनों का आरोप है कि ससुरालवालों ने उसका गला दबाकर हत्या कर दी। इस मामले में पीड़ित परिवार ने पति विनय समेत 6 लोगों के खिलाफ दहेज हत्या का मुकदमा दर्ज कराया। पुलिस ने अब तक पति विनय और ससुर को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। मृतका के परिजनों का कहना है कि पुलिस बाकी 4 आरोपियों को बचाने की कोशिश कर रही है। इस मामले में पीड़ित परिवार ने पुलिस अधिकारियों से शिकायत करने की बात कही है। वहीं, पुलिस का कहना है कि फरार आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए टीम लगी हुई है और जल्द ही सभी को गिरफ्तार कर जेल भेजा जाएगा।

# नोएडा पुलिस की 3 बदमाशों से मुठभेड़

## एक बदमाश के पैर में लगी गोली, तीनों गिरफ्तार, सरगना पर 24 मुकदमे हैं दर्ज

**नोएडा।** नोएडा पुलिस की तीन बदमाशों से मुठभेड़ हो गई। एक बदमाश के गोली लगी। ये गैंग का सरगना है। इसकी पहचान नीरज उर्फ अय्या ही हुई है। इस पर 24 मुकदमे दर्ज है। इसके दोनों साथी को भी गिरफ्तार किया गया।

थाना फेस-1 पुलिस सेक्टर-14ए पुल के नीचे चेकिंग कर रही थी। चिल्ला की तरफ से एक मोटरसाइकिल पर 3 व्यक्ति आते हुए दिखाई दिए। इन तीनों को पुलिस टीम ने रूकने का इशारा किया। वह नही रुके और सेक्टर-14 गंदे नाले की पटरी की तरफ भागने का प्रयास करने लगे। पुलिस टीम ने तीनों का पीछा किया। बदमाशों की बाइक बारिश होने के कारण असंतुलित होकर फिसलकर गिर गई। एक बदमाश ने पुलिस टीम पर जान से मारने की नीयत से फायर किया।



पुलिस टीम ने जवाबी एक्शन लिया और फायर किया। उक्त बदमाश गोली लगने से घायल हो गया। जमीन पर गिर गया। पुलिस ने पकड़ लिया। उसकी पहचान नीरज उर्फ अय्या निवासी दिल्ली उम्र करीब 28 साल हुई। इसके बदमाश के कब्जे से चोरी व स्नैचिंग के 03 मोबाइल फोन, अवैध तमंचा चोरी की बाइक बरामद की गई। बरामद की गई बाइक 10 जुलाई को कार मार्किट सेक्टर-16 से चोरी की गई थी। इसके संबंध में एफआईआर दर्ज है। घायल बदमाश को इलाज के लिए अस्पताल भेजा गया।

### कांबिंग के दौरान दो अन्य गिरफ्तार

मौके से कांबिंग के दौरान बदमाश के दो और साथी संतोष निवासी तिगरी गेट, थाना बिसरख उम्र करीब 22 साल और गुलशन निवासी थाना बिसरख उम्र करीब 20 साल को गिरफ्तार किया गया है। इनके पास से 1-1 अवैध चाकू व चोरी का मोबाइल फोन बरामद हुआ है। ये तीनों मिलकर चोरी व लूट की घटनाएं करते है। नीरज उर्फ अय्या पर करीब 24 से ज्यादा मुकदमा दर्ज है।

# नोएडा में निवेश का झांसा देकर ठगे 31.47 लाख

## चार साइबर फ्राड के खिलाफ मुकदमा, फेसबुक पर आई थी फ्रेंड रिक्वेस्ट

**नोएडा।** साइबर अपराधियों ने निवेश पर मुनाफा कमाने का झांसा देकर आयुर्वेद योगशाला के रजिस्ट्रार के साथ 31.47 लाख रुपए की ठगी कर ली। इस मामले में साइबर क्राइम थाने की पुलिस ने विदेशी महिला समेत चार तथाकथित आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज किया है। जिन खातों में ठगी की रकम ट्रांसफर हुई है, उन खातों की जानकारी जुटाई जा रही है।

### फेसबुक पर आई थी फ्रेंड रिक्वेस्ट

कासना थाना क्षेत्र के सेक्टर चाई-5 में रहने वाले राजीव कुमार सैनी ने बताया कि इसी साल मार्च महीने में उनके फेसबुक पर अजीनिया रोडनोवा नाम की महिला की फ्रेंड रिक्वेस्ट आई।

पहले से महिला से पहचान न होने के बावजूद राजीव ने दोस्ती के प्रस्ताव को स्वीकार कर लिया। दोनों ओर से मैसेंजर पर बातचीत शुरु हो गई। महिला ने निवेश संबंधी कई लुभावने ऑफर की जानकारी दी । मोबाइल



नंबर का आदान-प्रदान हुआ। 12 मार्च को शिकायतकर्ता के वॉट्सऐप पर अजीनिया रोडनोवा का मैसेज आया।

### मैसेज के साथ एक अन्य ग्रुप से जोड़ा

उसने निवेश के लिए अमेरिका के शादिया मेकमेनस से परिचय कराया। बताया गया कि निवेश संबंधी प्रशिक्षण अब शादिया द्वारा ही दिया जाएगा। इसके बाद शादिया ने शिकायतकर्ता को एक ग्रुप पर जोड़ दिया। इस ग्रुप पर पहले से 55 सदस्य थे।

ज्यादातर सदस्य शादिया के कहने पर निवेश करने पर हुए मुनाफे का स्क्रीनशॉट ग्रुप पर साझा कर रहे थे। अचानक से पुराने ग्रुप को डिलीट कर दिया गया और नया ग्रुप बना दिया गया। ठगों ने इसके पीछे की यह वजह बताई कि उनके ऑफर की जानकारी लीक हो गई थी। बाहरी लोग इसका लाभ उठा सकते थे।

### मुनाफा कमाने के लिए लगाए 31 लाख

नए ग्रुप में शिकायतकर्ता समेत कुल 18 लोग बचे। इसके बाद ठगों ने शिकायतकर्ता के मोबाइल पर लिंक भेजकर ऐप इंस्टॉल कराई। लिंक पर क्लिक करते ही शिकायतकर्ता का ट्रेडिंग खाता खुल गया।

इसके बाद शादिया के कहने पर शिकायतकर्ता ने दस हजार रुपए का निवेश किया। इस पर उसे मुनाफा हुआ है। मुनाफे समेत रकम निकालने की अनुमति भी दी गई। झांसे में आने के बाद शिकायतकर्ता ने पांच से अधिक बार में ठगों द्वारा बताई गई कंपनी और एजेंसी में 31 लाख 47 हजार रुपए का निवेश कर दिया।

### स्मार्ट विलेज में श्मशान घाट की हालत खराब

**जेवर।** ग्रेटर नोएडा के स्मार्ट विलेज श्रेणी में आने वाले इमलिया गांव में श्मशान घाट तक जाने का रास्ता लोगों के लिए परेशानी का सबब बन गया है। सोमवार को एक व्यक्ति के अंतिम संस्कार के दौरान यह समस्या और भी गंभीर हो गई ।बारिश के कारण रास्ते पर जलभराव हो गया। श्मशान घाट तक पहुंचने के लिए सैकड़ों लोगों को अपने हाथों में चप्पल-जूते लेकर कीचड़ से होकर गुजरना पड़ा। कई लोग फिसलकर गिर भी गए। श्मशान घाट की स्थिति और भी चिंताजनक है। चारदीवारी और टीनशेड खराब हालत में हैं। बारिश के मौसम में अंतिम संस्कार करना मुश्किल हो जाता है। ग्रामीणों का कहना है कि इस समस्या को लेकर कई बार ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के अधिकारियों से शिकायत की गई, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। करप्शन फ्री इंडिया संगठन के संस्थापक प्रवीण भारतीय ने ग्रामीणों के साथ मिलकर प्राधिकरण के अधिकारी को ज्ञापन सौंपा है।

# औद्योगिक भूखंड लेने का चार अगस्त तक मौका

**नोएडा।** नोएडा प्राधिकरण ने फेज एक और दो में 12 औद्योगिक भूखंडों की योजना लॉन्च की। इस योजना में चार अगस्त तक आवेदन किया जा सकता है।

ये सभी भूखंड आठ हजार वर्ग मीटर से कम क्षेत्रफल के हैं। इनका आवंटन ई-नीलामी के माध्यम से किया जाएगा। प्राधिकरण के अधिकारियों ने बताया कि फेज वन के अंतर्गत शहर में सेक्टर-1 से 11 तक क्षेत्र आता है।

ऐसे में औद्योगिक भूखंड योजना में सेक्टर-7, 8 और 10 के पांच भूखंड शामिल किए गए हैं ।इस योजना में सेक्टर-7 के डी ब्लॉक, सेक्टर-8 के एफ ब्लॉक और सेक्टर-10 के बी ब्लॉक में खाली भूखंड का आवंटन किया जाएगा। ये भूखंड 112 से लेकर 1178 वर्ग मीटर तक के हैं।

अधिकारियों ने बताया कि फेज टू में बड़े आकार के भूखंड शामिल किए गए हैं। ये सभी सात भूखंड सेक्टर-80 और 162 में हैं। इन दोनों सेक्टर में सबसे छोटा भूखंड 450 वर्ग मीटर का है। जबकि सबसे अधिक दो भूखंड 7430 वर्ग मीटर के हैं। अधिकारियों ने बताया कि इस योजना में आवदेन करते समय 29500 रुपये प्रोसेसिंग और भूखंड की कीमत की 10 प्रतिशत राशि देनी होगी।

ई-नीलामी के समय रिजर्व प्राइज से अधिक बोली लगानी होगी। जो सबसे ऊंची बोली लगाएगा, भूखंड उसे आवंटित कर दिया जाएगा। प्राधिकरण अधिकारियों ने बताया कि पिछले महीने निर्णय हुआ था कि आठ हजार वर्ग मीटर तक के भूखंड का आवंटन ई-नीलामी के जरिए किया जाएगा। इससे बड़े आकार के भूखंड का आवंटन साक्षात्कार के जरिए किया जाएगा।



# मुख्तार का शूटर शाहरुख ढेर, 8 महीने पहले शादी हुई

## मुजफ्फरनगर में एसटीएफ ने किया एनकाउंटर

**मुजफ्फरनगर।** यूपी के मुजफ्फरनगर में एसटीएफ ने मुख्तार अंसारी गैंग के शार्प शूटर शाहरुख पठान को एनकाउंटर में ढेर कर दिया। एसटीएफ को शाहरुख की लोकेशन छपार इलाके में मिली। इसके बाद टीम ने घेराबंदी की। इसी दौरान शाहरुख कार से वहां पहुंचा। एसटीएफ ने कार रुकवाई, तो शाहरुख ने अंधाधुंध फायरिंग शुरू कर दी।

मेरठ एसटीएफ टीम की जवाबी कार्रवाई में शाहरुख मौके पर ही ढेर हो गया। एनकाउंटर सोमवार तड़के 4 बजे छपार थाना क्षेत्र के रोहाना मार्ग पर हुआ।

मुजफ्फरनगर के खालापार के रहने वाले शाहरुख की एक रील सामने आई थी। इसमें वह मुख्तार के बेटे अब्बास के साथ नजर आ रहा था। यह रील कब और कहां की है, यह साफ नहीं हो पाया है।



शाहरुख एक साल पहले जेल से छूटा था। 8 महीने पहले उसकी मुजफ्फरनगर में ही शादी हुई थी। वह प्रोफेशनल किलिंग यानी सुपारी लेकर हत्या करता था। मुख्तार गैंग के साथ ही पश्चिम यूपी में कुख्यात संजीव जीवा गैंग के लिए भी काम करता था। उस पर लूट और हत्या के 12 से ज्यादा मामले दर्ज थे।

शाहरुख ने उत्तराखंड में कंबल कारोबारी गोल्डी की 2017 में हत्या की थी। इस मामले में शाहरुख को संजीव जीवा के साथ उम्रकैद की सजा हुई थी। 1 साल पहले वह जमानत पर बाहर आ गया था। जेल से बाहर आते ही उसने हत्या के गवाहों को धमकाना शुरू कर दिया।

संभल जिले के बनियाठेर थाने में उसके खिलाफ हत्या के प्रयास और धमकी देने का केस दर्ज था, जिसमें वह फरार चल रहा था। इसके बाद वह अंडरग्राउंड हो गया। तब से पुलिस और एसटीएफ उसकी तलाश कर रही थी।

### इतना खतरनाक कि स्टेशन में पुलिस कस्टडी में की हत्या

एसटीएफ सूत्रों ने बताया कि एक वक्त शाहरुख मुख्तार अंसारी का खास शार्प शूटर था।

वह पश्चिम यूपी में मुख्तार गैंग के लिए काम करता था। वह इतना खतरनाक था कि कहीं भी वारदात को अंजाम देकर फरार हो जाता था।

## बाघ ने किसान को मार डाला, 20 मीटर घसीटा

**पीलीभीत।** पीलीभीत में बाघ ने एक और किसान को मार डाला। सुबह किसान अपने घर के सामने गन्ने की फसल देखने गया था। वहां खेत में पहले से बैठे बाघ ने उस पर हमला कर दिया। गन्ने के खेत में 20 मीटर अंदर तक घसीट ले गया। चीख सुनकर आसपास के खेतों में काम कर रहे लोग पहुंचे और बाघ को भगाया। लेकिन तब तक किसान की मौत हो चुकी थी। ग्रामीणों को देखकर बाघ नाला पार कर दूसरे खेत में चला गया। किसान के सीने और गले पर गंभीर घाव थे। सूचना पर पुलिस और वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची। शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। वहीं परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। घटना सोमवार सुबह न्यूरिया थाना क्षेत्र के बड़ी फुलहर गांव की है। किसान की मौत के बाद ग्रामीणों में आक्रोश फैल गया है। लोगों ने बाघ को रेस्क्यू करने और मृतक के परिजनों को मुआवजा देने की मांग की है। लोगों का कहना है कि बाघ दो माह से क्षेत्र में बाघ घूम रहा है। वन विभाग से कई बार शिकायत की गई। लेकिन अधिकारियों ने ध्यान नहीं दिया।

# जहरीली शराब मामला...5 दोषियों को 10 साल की सजा

**सीतापुर में दो की हुई तई मौत, कोर्ट ने एक-एक लाख का जुर्माना भी लगाया**



**सीतापुर।** सीतापुर के महमूदाबाद कोतवाली क्षेत्र में वर्ष 2019 में मिलवाती अंग्रेजी जहरीली शराब पीने से दो युवकों की मौत के मामले में विशेष न्यायाधीश गैंगस्टर कोर्ट ने पांच आरोपियों को दोषी करार देते हुए दस साल की सजा सुनाई है। न्यायाधीश शैलेन्द्र कुमार वर्मा ने सभी दोषियों पर एक-एक लाख रुपये का जुर्माना भी लगाया है।

घटना महमूदाबाद क्षेत्र के पैंतेपुर गांव की है। यहां मिलावटी अंग्रेजी जहरीली शराब की पीने से दो युवकों की जान चली गई थी। इसके बाद पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए कार्रवाई करते हुए शराब तस्करों के पूरे गैंग का भंडाफोड़ किया था। पुलिस जांच में सामने आया कि आरोपी बिहार और हरियाणा से लाई गई सस्ती शराब को नकली अंग्रेजी ब्रांड में मिलाकर बेचते थे।

वर्ष 2020 में पुलिस ने आरोपियों पर गैंगस्टर एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया था। सोमवार को आए फैसले में कोर्ट ने अभियुक्त कन्हैया पुत्र कल्लू, अतुल पुत्र कन्हैया, नवनीत पुत्र कन्हैया (तीनों निवासी सीतापुर), सुनील जायसवाल पुत्र रामलखान (सीतापुर) और शानू कुरैशी पुत्र अब्दुल सलाम निवासी लखनऊ को हत्या और गैंगस्टर एक्ट के तहत दोषी करार दिया।

फैसले के बाद पांचों दोषियों को कड़ी पुलिस सुरक्षा में सीतापुर से बरेली जेल भेजा गया। मामले में न्यायालय के इस निर्णय को स्थानीय लोगों ने कानून की सख्ती के रूप में देखा है, जिससे नकली और जहरीली शराब के कारोबार में शामिल लोगों के लिए सख्त संदेश गया है।

# फतेहपुर में 500 रुपए के लिए भाई को मार डाला

## ईंट से सिर पर हमला कर किया, आरोपी गिरफ्तार

**फतेहपुर।** फतेहपुर के गाजीपुर थाना क्षेत्र में एक छोटे भाई ने मामूली 500 रुपए के विवाद में अपने बड़े भाई की हत्या कर दी। दरौली गांव निवासी 42 वर्षीय वीरेंद्र की मौत सोमवार को जिला अस्पताल में इलाज के दौरान हुई।

रविवार शाम को वीरेंद्र का अपने छोटे भाई राजेंद्र से 500 रुपए को लेकर विवाद हुआ। विवाद इतना बढ़ा कि राजेंद्र ने वीरेंद्र के सिर पर ईंट से कई वार किए। चीख-पुकार सुनकर जब परिजन मौके पर पहुंचे, तो वीरेंद्र गंभीर हालत में पड़ा मिला। परिजन तुरंत उसे जिला अस्पताल ले गए।

मृतक के ससुर राज कुमार ने बताया कि वीरेंद्र प्लंबर का काम करता था। उनकी बेटी शुभी के पति की मौत से परिवार में चार बच्चों समेत सभी का रो-रोकर बुरा हाल है। पुलिस ने मृतक की पत्नी की शिकायत पर मुकदमा दर्ज कर लिया है।

डीएसपी दुर्गेश दीप के अनुसार, पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और आरोपी भाई को गिरफ्तार कर लिया गया है।

# ट्रक ने मर्चेंट नेवी अफसर की पत्नी-बेटी को कुचला

## शव से लिपटकर रोईं महिलाएं, पुलिस से नोकझोंक; 6 घंटे तक जाम रहा हाईवे

**वाराणसी।** वाराणसी में ट्रक ने बाइक में टक्कर मार दी। टक्कर से बाइक डिवाइडर से जाकर टकरा गई। बाइक सवार मर्चेंट नेवी अफसर की पत्नी और बेटी (1साल) सड़क पर गिर गए। दोनों को ट्रक कुचलता हुआ निकल गया। इससे मां-बेटी की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि महिला का पिता गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद चालक ट्रक लेकर फरार हो गया।

घटना के बाद आसपास के लोग मौके पर पहुंचे। देखा कि घायल 1 वर्षीय नातिन का शव गोद में लेकर जोर-जोर से रो रहा था। जबकि महिला का शव सड़क पर पड़ा था। पुलिस ने घायल




को दीनदयाल अस्पताल में भर्ती कराया गया। परिजनों को जानकारी दी।

घर की महिलाएं पहुंची। वह शव से लिपटकर रोने बिलखने लगीं। हादसे से गुस्साए ग्रामीणों ने शव को सड़क पर रखकर जाम लगा दिया। ट्रक चालक की गिरफ्तारी को लेकर पुलिस से नोकझोंक हुई। रविवार रात करीब 6 घंटे जाम लगा रहा।

कार्रवाई के आश्वासन पर ग्रामीणों ने मार्ग खाली किया। पुलिस ने दोनों शवों को कब्जे में लेकर पंचनामा भरा और पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा गया। हादसा संदहा चौराहे के पास शाम 5.30 बजे हाईवे पर हुआ।

### पिता बेटी और नातिन को लेकर घर जा रहे थे

नेवादा (चौबेपुर) के निवासी विवेक मौर्य मर्चेंट नेवी में अफसर हैं। उनकी शादी कोरउत (लोहता) निवासी कोमल मौर्या (31) से हुई थी। उनकी वर्तमान समय में तैनाती चीन सीमा क्षेत्र में पोत पर है।

रविवार को कोमल के पिता ज्ञानचंद बेटी के ससुराल आए थे। वह बेटी कोमल और एक वर्ष की नातिन छोटी को लेकर कोरउत के लिए निकले थे। संदहा से आगे बढ़े थे, तभी पीछे से आ रहे ट्रक ने सामने से टक्कर मार दी।

संदहा चौराहे के पास टक्कर में बाइक सवार विवाहिता, उसकी एक साल की बच्ची डिवाइडर से टकराकर सड़क पर गिर पड़ीं। ट्रक दोनों को रौंदता हुआ गुजर गया। वहीं टक्कर के बाद महिला के पिता गंभीर रूप से जख्मी हो गए। आक्रोशित ग्रामीणों ने सड़क जाम कर प्रदर्शन किया। छह घंटे से अधिक देर रात तक लगा रहा।

# डीएम व एसपी ने किया बानपुर थाने का निरीक्षण

**ललितपुर।** बानपुर जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी व पुलिस अधीक्षक मो0 मुश्ताक द्वारा थाना बानपुर का आकस्मिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान थाना परिसर, कार्यालय आदि का निरीक्षण कर सम्बन्धित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये। थाना कार्यालय/महिला हेल्प डेस्क के रजिस्टरों को चेक कर व्यवस्थित रखरखाव हेतु निर्देश दिये गये। मुकदमों से संबंधित मालो का विधिक निस्तारण एवं सही रखरखाव, शस्त्रों की नियमित साफ-सफाई रखने हेतु निर्देशित किया गया। थाने में लम्बित विवेचनाओं का गुण दोष के आधार पर विधिक निस्तारण करने व थाना क्षेत्र



के वांछित अभियुक्तों/वारंटियों की गिरफ्तारी, अवैध शराब/मादक पदार्थों/पशु तस्करी पर प्रभावी अंकुश लगाने तथा थाने पर आने वाले शिकायतों का शत-प्रतिशत व समयबद्ध निस्तारण करने जाने हेतु सम्बन्धित को निर्देशित किया गया। माफियाओं को चिन्हित कर उनके विरूद्ध गैंगस्टर एक्ट की कार्यवाही व थाना स्तर पर टॉप-10 अपराधी व एचएस की सतत निगरानी हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये। महिला सम्बन्धी अपराधों को रोकने के लिये सूचना पर त्वरित रूप से संज्ञान लेकर तत्काल अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही कर उनका निस्तारण करें तथा उपरोक्त प्रकरण की सूचना पर उच्चाधिकारियों को देने हेतु निर्देशित किया गया। प्रभारी निरीक्षक को महिलाओं की सुरक्षा हेतु एन्टीरोमियो स्कॉवड व महिला बीट आरक्षियों को प्रतिदिन थाना क्षेत्र में भ्रमण हेतु आदेशित किया गया जिससे महिला सम्बंधी अपराध न हो पाए तथा शासन की जीरो टॉलरेंस नीति पर काम करें। निकट भविष्य में पंचायती चुनाव को दृष्टिगत रखते हुए अपराधियों पर आवश्यक निरोधात्मक कार्यवाही कर उन्हे ज्यादा से ज्याद धनराशि से पाबन्द कराने हेतु निर्देशित किया गया है।

## डीएम व एसपी ने जनपद में लगातार हो रही भारी वर्षा के दृष्टिगत भावनी बांध का किया निरीक्षण



**ललितपुर।** थाना बानपुर क्षेत्रान्तर्गत पानी के बहाव से कटाव हो जाने के कारण क्षतिग्रस्त हुए संपर्क मार्ग का भौतिक निरीक्षण कर सुरक्षा-व्यवस्था के दृष्टिगत सम्बन्धित को दिये गये आवश्यक दिशा-निर्देश। जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी व पुलिस अधीक्षक मो0 मुश्ताक द्वारा जनपद में लगातार होने वाले भारी वर्षा के दृष्टिगत थाना बार क्षेत्रान्तर्गत भावनी बांध का निरीक्षण किया गया तथा सुरक्षा व्यवस्था के दृष्टिगत सम्बन्धित को आवश्यक दिशा- निर्देश दिये गये। इसी क्रम में थाना बानपुर क्षेत्रान्तर्गत पानी के बहाव से कटाव हो जाने के कारण क्षतिग्रस्त हुए संपर्क मार्ग का भौतिक निरीक्षण किया गया तथा मौके पर सुरक्षा बल तैनात कर निरन्तर निगरानी करने हेतु सम्बन्धित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये।

# हापुड़ में लेखपाल की मौत पर सहारनपुर में विरोध

**सहारनपुर।** हापुड़ में तैनात लेखपाल सुभाष मीणा की मौत के बाद सहारनपुर में लेखपाल संघ ने उपजिलाधिकारी के माध्यम से मुख्यमंत्री को ज्ञापन सौंपा। संघ ने मामले की उच्च स्तरीय जांच की मांग की है।

लेखपाल संघ का आरोप है कि हापुड़ के जिलाधिकारी ने बिना जांच के झूठी शिकायत पर कार्रवाई की। इससे लेखपाल तनाव में आ गए और उनकी मृत्यु हो गई।

संघ ने कहा कि कुछ अधिकारी सोशल मीडिया पर अपनी छवि चमकाने के लिए अधीनस्थों को सार्वजनिक रूप से अपमानित करते हैं। इससे कर्मचारी मानसिक तनाव में काम कर रहे हैं। मुख्य सचिव के निर्देश के बावजूद कर्मचारियों की समस्याओं पर मासिक बैठक नहीं हो रही है।

# फर्जी मार्कशीट लगाकर सीबीसीआईडी में बना सिपाही

## पत्नी ने चिनहट थाने में दर्ज कराया केस, शिक्षा विभाग से मंगाया जाऐंगे दस्तावेज

**लखनऊ।** लखनऊ के सीबीसीआईडी हेड ऑफिस में तैनात सिपाही पर नौकरी के लिए फर्जी शैक्षिक दस्तावेज लगाने का आरोप लगा है। ये आरोप सिपाही की पत्नी ने लगाया है। पत्नी की शिकायत पर चिनहट थाने में सिपाही के खिलाफ धोखाधड़ी और कूटरचित दस्तावेज तैयार करने की धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया है। पुलिस मामला दर्ज करके जांच कर रही है। जानकीपुरम निवासी नूरशबा ने




तहरीर में आरोप लगाया है कि उनके पति महताब आलम ने वर्ष 2006 में पुलिस विभाग में सिपाही के पद पर नौकरी हासिल की थी। उस समय उनकी उम्र भर्ती की तय सीमा से ज्यादा थी। आरोप है कि महताब ने मार्कशीट में हेराफेरी कर उम्र कम दिखा दी और फर्जी दस्तावेज लगाकर नौकरी पा ली। महताब की तैनाती मल्हौर स्थित सीबीसीआईडी मुख्यालय में है।

पत्नी का कहना है कि अगर जांच की जाए तो यह बात नीरुपुर बलिया स्थित उच्चतर माध्यमिक विद्यालय और वाराणसी के माध्यमिक शिक्षा परिषद कार्यालय से पुष्टि की जा सकती है।

इंस्पेक्टर चिनहट दिनेश चंद्र मिश्रा ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। मामले की जांच की जा रही है और आवश्यक दस्तावेज शिक्षा विभाग से मंगवाए गए हैं। नूरशबा से भी संबंधित कागजात मांगे गए हैं। जांच पूरी होने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी। अगर आरोप सही पाए गए तो सिपाही महताब आलम को विभागीय जांच के बाद नौकरी जा सकती है।

# संचारी रोग की रोकथाम के लिए फागिंग, लार्वा का हुआ छिड़काव

**ललितपुर।** संचारी रोग नियंत्रण अभियान के तहत अधिशासी अधिकारी दिनेश कुमार विश्वकर्मा के निर्देशन में वार्ड नंबर 05 झांसीपुरा व वार्ड नंबर 13 घुसयाना में अभियान चलाया गया।

स्वास्थ्य नायकों द्वारा संचारी रोग नियंत्रण अभियान के तहत दोनों वार्डों में फॉगिंग एवं एंटी लार्वा का छिड़काव किया गया व सफाई कर्मचारियों की टीम को लगाकर वार्डों में साफ सफाई व नालों आदि की सफाई करते हुए किनारे पर लगी झाड़ियों आदि को काटते हुए साफ सफाई व्यवस्था की गई एवं बारिश के चलते गलियों व नालियों में हो रहे जल भराव का



निस्तारण किया गया। इस दौरान सफाई एवं खाद्य निरीक्षक जितेन्द्र स्वरूप तिवारी द्वारा कहा कि वार्डों में खाली पड़े प्लाटों की नियमित रूप से साफ सफाई करायें व वार्डों में खाली पड़े प्लाट जिनमें जल भराव व कूड़ा आदि डाल दिया जाता है ऐसे प्लाट मालिकों को सूचित करें कि वह अपने-अपने प्लाटों में कूड़ा आदि न डालने दे और न ही इनमें जल भराव की स्थिति उत्पन्न होने दे, इसके बाद भी यदि खाली पड़े प्लाटों में कूड़े आदि पाया जाता है तो संबंधित के विरूद्ध नोटिस जारी कर जुर्माना वसूल की कार्यवाही करें। उन्होंने निर्देशित किया गया कि बारिश के समय में सड़कों पर हो रहे जल भराव की समस्या का तत्काल प्रभाव से निदान निस्तारण करें, जल भराव होने के चलते मच्छर आदि पनपते है, जिससे बीमारियों आदि का अंदेशा बना रहता है, उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य नायक वार्डों में संचारी रोग नियंत्रण अभियान के तहत वार्ड वासियों को जागरूक करें, घरों में खाली पड़े प्रपत्रों को ढक कर रखने हेतु जागरूक करें व कूलर आदि में जमा जल को खाली करते हुए मच्छरों आदि के लार्वा से बचाव हेतु सभी को निर्देशित करें।

# रेप के दो दोषियों को 20-20 साल की सजा

**बुलंदशहर।** बुलंदशहर के अहमदगढ़ थाना क्षेत्र में अगस्त 2020 में हुए दुष्कर्म मामले में न्यायालय ने दो दोषियों को सजा सुनाई है। एडीजे/एफटीसी-03 बुलंदशहर की अदालत ने ग्राम नगला ढक के रहने वाले मोनू पुत्र चरन सिंह और पिंटू पुत्र तेजप्रकाश को दोषी पाया है।

पीड़िता ने 21 अगस्त 2020 को थाना अहमदगढ़ में मुकदमा दर्ज कराया था। पुलिस ने जांच के बाद 17 मार्च 2021 को न्यायालय में आरोप पत्र प्रस्तुत किया। उत्तर प्रदेश पुलिस महानिदेशक के ऑपरेशन कन्विक्शन अभियान के अंतर्गत इस मामले पर विशेष नजर रखी गई।

बुलंदशहर पुलिस की मॉनीटरिंग सेल ने अदालत में प्रभावी पैरवी की। मामले में पांच गवाहों के बयान दर्ज किए गए।

14 जुलाई 2023 को अदालत ने दोनों दोषियों को 20-20 वर्ष का कठोर कारावास और 7-7 हजार रुपये का अर्थदंड सुनाया।

# शार्ट न्यूज

## मेरठ में महिला कांस्टेबल से छेड़छाड़

**मेरठ।** मेरठ में कावड़ यात्रा को लेकर जहां एक तरफ पुलिस सड़क पर है, वही रविवार आधी रात को बाइक सवार ने ड्यूटी कर लौट रही महिला पुलिस कांस्टेबल से छेड़छाड़ कर दी। शोर सुनकर वहां से गुजर रहे कार सवार रुक गए, जिन्हें देखकर आरोपी मौके से फरार हो गया। कार सवार महिला कांस्टेबल को बेगमपुल पुलिस चौकी पर छोड़कर चले गए। कंकरखेड़ा थाने में तैनात एक महिला कांस्टेबल रविवार आधी रात को ड्यूटी से घर लौट रही थी। कांस्टेबल अपनी स्कूटी पर थी। 510 आर्मी बेस वर्कशॉप के निकट अचानक बारिश शुरू होने के कारण महिला कांस्टेबल एक जगह रुक गई। बताया जाता है कि यहां एक बाइक सवार भी मौजूद था। उसने महिला कांस्टेबल के साथ छेड़छाड़ शुरू कर दी। महिला कांस्टेबल ने विरोध किया तो वह अभद्रता पर उतर आया। जिस वक्त बाइक सवार महिला कांस्टेबल को परेशान कर रहा था, उसी वक्त एक कार वहां से निकल रही थी। महिला कांस्टेबल जोर से चिल्लाई, जिसे देखकर कार सवारों ने ब्रेक लगा दिए। इसके बाद आरोपी वहां से भाग निकला। वारदात से महिला कांस्टेबल डर गई। उसने कार सवारों से गुजारिश की।

## आगरा में पत्नी पर एसिड अटैक

**आगरा।** आगरा में पति ने पत्नी पर तेजाब फेंका। फिर परिजनों के साथ मिलकर उसे तेजाब से हुए जख्मों पर बेरहमी से मारा। अधमरा होने पर फटे-गले कपड़ों में उसे घर से बाहर फेंक दिया। महिला की हालत देखकर पड़ोसियों ने उसके भाई को फोन किया। मौके पर पहुंचे परिजनों ने बहन को अस्पताल में भर्ती कराया। महिला की शिकायत पर पुलिस ने पति को हिरासत में ले लिया है। अन्य ससुराल वाले फरार हैं। घटना रविवार रात की शाहगंज थाना क्षेत्र के दौरेठा कॉलोनी की है। न्यू आजमपाड़ा निवासी शाहरुख उस्मानी की बहन तराना की शादी करीब ढ़ाई साल पहले दौरेठा निवासी अफसर अली से हुई थी। शाहरुख का कहना है कि बहन की शादी में हमने कोई कमी नहीं की थी। अच्छी रकम भी दी गई थी। लेकिन इसके बाद भी ससुराल से आए दिन पैसों की डिमांड होती थी। एक बार बहन के पति ने 3 लाख रुपए लिए। लेकिन अब वो फिर से पैसे मांग रहे थे। जब हम कुछ बोलते हैं तो अफसर अली बहन को मारता-पीटता था।

## मेरठ में कांवड़ियों ने स्कूल बस तोड़ी

मेरठ। यूपी में दो शहरों में सोमवार को कांवड़ियों ने जमकर उत्पात मचाया। मेरठ में डंडे मारकर स्कूल बस के शीशे तोड़ दिए। बस कांवड़ियों को हल्की टच कर गई थी। इससे वो नाराज हो गए। कांवड़ खंडित करने का आरोप लगाते हुए हमला कर दिया। गनीमत रही कि उस वक्त बस में बच्चे सवार नहीं थे। इस दौरान 5 कांवड़िए घायल भी हो गए। वहीं, गाजियाबाद के मोदीनगर में सुमन हॉल के सामने कार से कांवड़िए को टक्कर लग गई। जिसके बाद कांवड़ियों ने चालक को बेरहमी से पीटा। डंडे मारते हुए कार के ऊपर चढ़ गए। जानकारी पर पुलिस टीम पहुंची। किसी तरह उनको शांत कराया। दरअसल, कांवड़ियों की एक टोली हरिद्वार से जल उठाने के बाद अपने गंतव्य की ओर बढ़ रही थी। जैसे ही यह टोली मेरठ में सदर बाजार थाना क्षेत्र के बेगमपुल से सटे कैंटोनमेंट अस्पताल के पास पहुंची, पीछे से आई दीवान पब्लिक स्कूल की बस ने एक कांवड़िया को टक्कर मार दी। इसके बाद कांवड़ियों का पारा चढ़ गया।

## शाहजहांपुर में युवक की गोली लगने से मौत

**तिलहर।** शाहजहांपुर के तिलहर नगर क्षेत्र में सोमवार शाम एक दर्दनाक घटना सामने आई। मोहल्ला निजामगंज में रहने वाले 35 वर्षीय हर्षवर्धन उर्फ चिंटू ने अपने ही घर में खुद को गोली मार ली। घटना शाम करीब 7: 30 बजे की है, जब गोली चलने की आवाज सुनकर आसपास के लोग दहशत में आ गए। गोली लगने के बाद गंभीर रूप से घायल हर्षवर्धन लड़खड़ाते हुए घर से बाहर निकले और पास के चबूतरे पर गिर गए, जहां उनकी मौत हो गई। सूचना मिलते ही पुलिस क्षेत्राधिकारी ज्योति यादव और कोतवाली प्रभारी राकेश कुमार मौके पर पहुंचे। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल भेज दिया। बताया जा रहा है कि मृतक मूल रूप से ग्राम रजाकपुर का निवासी था और वर्तमान में निजामगंज में किराये पर रह रहा था। पड़ोसियों के अनुसार, हर्षवर्धन पिछले कुछ समय से मानसिक रूप से परेशान थे और अक्सर अपने परिवारवालों से झगड़ा करते थे।

## प्रयागराज में फल कारोबारी की मौत

**प्रयागराज।** प्रयागराज के धूमनगंज में एक दर्दनाक सड़क हादसे में फल कारोबारी की मौत हो गई। बिहार के सहरसा से आकर प्रयागराज में रह रहे 58 वर्षीय मोहन चौधरी रविवार रात काम से घर लौट रहे थे। इसी दौरान एक तेज रफ्तार बाइक ने उन्हें टक्कर मार दी। हादसे में मोहन के सिर पर गंभीर चोट आई। पुलिस ने परिजनों की मदद से उन्हें तुरंत निजी अस्पताल में भर्ती कराया। लेकिन इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। मोहन प्रयागराज में किराए के कमरे में परिवार के साथ रहते थे। वह फल बेचकर परिवार का भरण-पोषण करते थे। उनकी पत्नी ने बताया कि वह घर के एकमात्र कमाऊ सदस्य थे। अब बच्चों की परवरिश की जिम्मेदारी उनके कंधों पर आ गई है। थाना प्रभारी अमरनाथ राय के अनुसार, शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। परिजनों की शिकायत पर बाइक सवार के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। पुलिस फरार आरोपी की तलाश कर रही है।

## अंतरजनपदीय शातिर गिरफ्तार, नकदी बरामद

**ललितपुर।** पुलिस अधीक्षक मो0 मुश्ताक के निर्देशन में अपर पुलिस अधीक्षक कालू सिंह एवं क्षेत्राधिकारी ,सदर अजय कुमार के निकट पर्यवेक्षण में थाना कोतवाली पुलिस द्वारा थाना कोतवाली ललितपुर पर पंजीकृत मु.अ.सं.- मु0अ0सं0 759/25 व 760/25 अन्तर्गत धारा 305/331(4) बीएनएस में प्रकाश में आये वाँछित अभियुक्त जाहिद पुत्र उस्मान उम्र करीब 32 वर्ष निवासी ग्राम शाहजमाल थाना किठौर जनपद मेरठ उ0प्र0 को नेहरू महाविधालय के पास से नियमानुसार गिरफ्तार किया गया। जिसके कब्जे से चोरी किये गये 10,000 रुपये को बरामद किया गया। गिरफ्तारशुदा अभियुक्त को न्यायिक अभिरक्षा हेतु मा0 न्यायालय के समक्ष भेजा गया। वादी मुकदमा द्वारा थाना कोतवाली ललितपुर पर प्रार्थना-पत्र देकर अवगत कराया था कि अज्ञात चोरों द्वारा उनकी दुकानों से नगद रुपयो की चोरी कर लिये है। प्रार्थना-पत्र के आधार पर थाना कोतवाली ललितपुर पर सुसंगत धाराओ में अभियोग पंजीकृत किये गये थे। घटना की संवेदनशीलता को देखते हुए अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु पुलिस टीमे गठित की गयी थी।

## लोधेश्वर धाम मेले में प्रशासन सख्त



**बाराबंकी।** श्रावण मास में लोधेश्वर धाम मेले में श्रद्धालुओं की सुरक्षा को लेकर खाद्य सुरक्षा विभाग ने बड़ी कार्रवाई की है। जिलाधिकारी के आदेश पर खाद्य सुरक्षा अधिकारियों की टीम ने मेले में सघन निरीक्षण अभियान चलाया। लोधेश्वर महादेव मंदिर के सामने दुकानों की जांच में 10 किलो जला हुआ दूषित तेल और 5 किलो अत्यधिक रंगयुक्त पकौड़े मिले। इन्हें मौके पर ही नष्ट कर दिया गया। टीम ने सभी दुकानदारों को स्वच्छ और सुरक्षित खाद्य पदार्थ बेचने के निर्देश दिए। खाद्य प्रतिष्ठानों पर फूड सेफ्टी कनेक्ट फॉर्मेट लगाया गया है। दुकानदारों को दुकान नंबर आवंटित किए गए हैं। साथ ही खाद्य पदार्थों की कीमत सूची भी प्रदर्शित करवाई गई है। जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में भी जांच अभियान चलाया गया। मियांगंज और रामसनेहीघाट से धनिया और मिर्च पाउडर के नमूने लिए गए। बदोसराय से नमकीन, धनिया और हल्दी पाउडर तथा सैदनपुर से खाद्य तेल के नमूने लिए गए।

## संक्षिप्त समाचार

### आखिर कहां जाकर रुकेंगे ट्रंप, अब अमेरिका ने ईयू और मेक्सिको पर लगाया 30 प्रतिशत टैरिफ

**वाशिंगटन एजेंसी।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने शनिवार को यूरोपीय संघ (ईयू) और मेक्सिको के उत्पादों पर 30 प्रतिशत टैरिफ (आयात शुल्क) लगाने का एलान किया। बढ़ा हुआ कर एक अगस्त से लागू होगा। ट्रंप ने अपने इंटरनेट मीडिया अकाउंट पर अमेरिका के इन दो सबसे बड़े व्यापार साझीदारों पर कर बढ़ाने का एलान किया। ट्रंप की यह घोषणा अमेरिका की अर्थव्यवस्था को मजबूत करने की उनकी योजना का हिस्सा है। उन्होंने अपनी योजना का जिक्र 2024 में अपने चुनाव प्रचार के दौरान किया था और इस वर्ष राष्ट्रपति पद का कार्यभार संभालने के बाद वह लगातार इस पर कार्य कर रहे हैं। मेक्सिको की राष्ट्रपति को लिखे पत्र में ट्रंप ने कहा है कि मेक्सिको हमारी सीमा को सुरक्षित करने में सहायता दे सकता है लेकिन वह नहीं दे रहा है, इसलिए वह कड़ा निर्णय ले रहे हैं।विदित हो कि मेक्सिको अमेरिका का पड़ोसी देश है। जबकि यूरोपीय संघ को लिखे पत्र में ट्रंप ने कहा है कि ईयू से व्यापार में अमेरिका को जो घाटा हो रहा है उससे अमेरिका की राष्ट्रीय सुरक्षा को खतरा पैदा हो रहा है। विदित हो कि ईयू के अंतर्गत यूरोप के 27 देश आते हैं।

### बिग बास फेम अब्दु रोजिक दुबई में गिरफ्तार, चोरी का लगा आरोप

**दुबई, एजेंसी।** बिग बास फेम और ताजिकिस्तानी सिंगर और सोशल मीडिया स्टार अब्दु रोजिक को दुबई इंटरनेशनल एअरपोर्ट पर शनिवार को गिरफ्तार किया गया है। खलीज टाइम्स की रिपोर्ट के अनुसार, अब्दु को तब गिरफ्तार किया गया जब वह मोंटेनेग्रो से दुबई पहुंचे थे। हालांकि, किस कारण से अब्दु को गिरफ्तार किया गया है इसके बारे में जानकारी अभी तक सार्वजनिक नहीं की गई है। दुबई की अथॉरिटीज ने इस मामले में कोई आधिकारिक बयान जारी नहीं किया है। लेकिन, अब्दु रोजिक की मैनेजमेंट कंपनी ने पुष्टि की है कि उन्हें चोरी के आरोप में हिरासत में लिया गया है। कंपनी ने इस मामले में ज्यादा जानकारी देने से इनकार कर दिया। अब्दु रोजिक एक मशहूर ताजिकिस्तानी सिंगर और सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर हैं। उनकी लोकप्रियता उनके गानों, वायरल वीडियो और रियलिटी शोज की वजह से बढ़ी। भारत में वे बिग बास 16 से काफी ज्यादा लोकप्रिय हुए।2024 में भारत में अब्दु रोजिक से श्वष्ठ ने भी पूछताछ की थी। यह मामला एक हॉस्पिटैलिटी कंपनी से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग केस का था। हालांकि, अब्दु को उस समय मामले में आरोपी नहीं बनाया गया था, सिर्फ पूछताछ की गई थी।

### ऑस्ट्रिया में पाकिस्तानी दूतावास के अधिकारी ने किया करोड़ों का गबन, पत्नी के साथ फरार

**ऑस्ट्रिया एजेंसी।** पाकिस्तान के ऑडिटर जनरल ने ऑस्ट्रिया में पाकिस्तानी दूतावास में करीब 16.6 करोड़ रुपए के घोटाले का खुलासा किया है। ऑडिट रिपोर्ट के मुताबिक, दूतावास में तैनात एक मिशन अधिकारी ने सरकारी फंड को अपने और अपनी पत्नी के गुप्त खातों में ट्रांसफर कर दिया और फिर दोनों अज्ञात जगह भाग गए। यह पूरा घोटाला 2020 में हुआ। अधिकारी ने दस्तावेज़ों में फर्जी हस्ताक्षर और कागज़ तैयार कर पैसे निकाल लिए। ऑडिट में पता चला कि दूतावास के बैंक खातों से 12.8 करोड़ (यूरो 4,42,256) और ?3.7 करोड़ (डॉलर 1,34,291) निकाल लिए गए। ऑडिट रिपोर्ट में कहा गया कि अधिकारी को नौकरी से निकालने, पैसे वापस लेने और सजा देने की सिफारिश की गई थी, लेकिन नवंबर 2023 तक सरकार एक रुपया भी वापस नहीं ले पाई। विदेश मंत्रालय ने जांच रिपोर्ट भी ऑडिट टीम को नहीं दी।रिपोर्ट में कहा गया कि दूतावास के प्रमुख (हेड ऑफ मिशन), हेड ऑफ चांसरी और बैंक खातों के छह संयुक्त हस्ताक्षरकर्ताओं ने लापरवाही बरती। उन पर कोई कार्रवाई नहीं हुई। हो सकता है कि और अफसर भी इस घोटाले में शामिल हों, लेकिन इस एंगल की जांच ही नहीं हुई। फरवरी 2024 में फिर से प्रबंधन को यह मामला बताया गया और तत्काल जांच और करीब झ्1.34 लाख और व4.5 लाख वापस लाने की सिफारिश की गई। जवाब में प्रबंधन ने सिर्फ व17,328 की रिकवरी की बात कही। विदेश मंत्रालय ने कहा है कि आरोपी अधिकारी के खिलाफ विभागीय कार्रवाई की जा रही है। ऑडिट में माना गया कि हेड ऑफ मिशन और बाकी अधिकारियों की लापरवाही और कमजोर वित्तीय निगरानी की वजह से सरकारी खजाने को बड़ा नुकसान हुआ।

### एमक्यूएम के संस्थापक अल्ताफ हुसैन की हालत गंभीर, लंदन के अस्पताल में भर्ती

**लंदन, एजेंसी।** लंदन से ही कराची को कंट्रोल करने की क्षमता रखने वाले मुत्ताहिदा कौमी मूवमेंट (एमक्यूएम) के संस्थापक अल्ताफ हुसैन को गंभीर बीमारी के चलते अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। अल्ताफ हुसैन 1992 से ही लंदन में निर्वासित जीवन जी रहे हैं। अल्ताफ ने मोहाजिरों के अधिकारों के लिए मोहाजिर कौमी मूवमेंट नाम की पार्टी बनाई थी। हालांकि जब उनकी पार्टी का नाम अलगाववादियों के साथ जोड़ा जाने लगा तो उन्होंने ही मोहाजिर की जगह मुत्ताहिदा कर दिया। ब्रिटेन की सरकार ने उन्हें नागरिकता दे दी है। लंदन में रहकर भी पाकिस्तान की राजनीति में उनका दबदबा बना ही रहता है। वह अकसर वीडियो के जरिए अपने राजनीतिक भाषण पहुंचाते रहते हैं। एमक्यूएम नेता मुस्तफा अजीजाबादी ने उनके स्वास्थ्य की जानकारी देते हुए कहा उनके टेस्ट किए जा रहे हैं। उन्होंने लोगों से अल्ताफ हुसैन की अच्छी सेहत की दुआ करने की अपील की है। पाकिस्तानी अखबार डॉन से बात करते हुए अजीजाबादी ने कहा, तनाव से जूझ रहे अल्ताफ हुसैन के डॉक्टरों ने ब्लड ट्रांसफ्यूजन की सलाह दी थी। इसके अलावा अन्य बीमारियों का भी इलाज चल रहा है। फिलहाल वह लंदन के अस्पातल में आईसीयू में भर्ती हैं। 2021 में उन्हें कोरोना भी हो गया था। साल 2018 से पहले कराची में अल्ताफ हुसैन का सिक्का चलता था। कराची की राजनीति उनके इशारे पर चलती थी। हालांकि बाद के सालों में उनका रुतबा कम होने लगा। अल्ताफ हुसैन ऐसे राजनेता हैं जिन्होंने पाकिस्तान में रहने वाले करोड़ों मोहाजिरों के अधिकारों की लड़ाई लड़ी। विभाजन के बाद जो मुसलमान भारत से पाकिस्तान गए थे उन्हें मोहाजिर कहा जाता है। ज्यादातर मोहाजिर उर्दू भाषी हैं।हुसैन का जन्म 17 सितंबर 1953 को कराची में ही हुआ था। शुरुआती शिक्षा उन्होंने अजीजाबाद से ली। इसके बाद कराची यूनिवर्सिटी में फार्मेसी की पढ़ाई करने लगे। कराची विश्वविद्यालय में ही वह अजीम तारिक के संपर्क में आए।

# परमाणु बम की गीदड़भभकी देने वाले पाक की निकली हवा, पाक शहबाज ने खुद

**इस्लामाबाद, एजेंसी।** 22 अप्रैल को पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद भारत ने जवाबी कार्रवाई करते हुए पाकिस्तान और पीओके में स्थित 9 आतंकी ठिकानों पर सटीक हमले कर उन्हें तबाह कर दिया था।

इसके बाद पाकिस्तान ने भारत पर ड्रोन और मिसाइलों के जरिए हमला करने की कोशिश की थी, लेकिन भारतीय एअर डिफेंस सिस्टम ने पाकिस्तान के सारे हमलों को नष्ट कर दिया था।

इस दौरान पाकिस्तान में बैठे बड़े-बड़े नेताओं द्वारा बार-बार परमाणु हमले की गीदड़भभकी दी जा रही थी। लेकिन अब पाकिस्तान की हेकड़ी निकल गई है और पाकिस्तानी पीएम शहबाज शरीफ ने खुद सच्चाई कबूल ली है।

**शहबाज शरीफ ने कबूला सच :** हाल ही में शहबाज शरीफ ने भारत के साथ संभावित परमाणु संघर्ष की आशंकाओं को खारिज कर दिया है। इस्लामाबाद में छात्रों को संबोधित करते हुए पाकिस्तानी पीएम ने कहा कि पाकिस्तान का परमाणु कार्यक्रम पूरी तरह से शांति बनाए रखने और अपने राष्ट्रीय हितों की रक्षा के लिए है।



उन्होंने कहा, पाकिस्तान का परमाणु कार्यक्रम पूरी तरह से शांतिपूर्ण उद्देश्यों और राष्ट्रीय रक्षा के लिए है न कि आक्रामकता के लिए। शहबाज शरीफ का यह बयान भारत के ऑपरेशन सिंदूर के बाद आया है।

ऑपरेशन सिंदूर के दौरान भारत ने तीखी सैन्य प्रतिक्रिया देते हुए 9 आतंकी ठिकानों पर हमले किए, जिनमें बहावलपुर भी शामिल था जिसे जैश-ए-मोहम्मद आतंकवादी संगठन का गढ़ माना जाता है।

**पाकिस्तान का न्यूक्लियर ब्लैकमेल वाला गेम :** बता दें, पहलगाम हमले के बाद दोनों देशों के बीच तनाव काफी ज्यादा बढ़ गया था। उस वक्त पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ने कहा था कि देश अलर्ट पर है, लेकिन वह अपने परमाणु हथियारों का इस्तेमाल सिर्फ विकट परिस्थितियों में ही करेगा। उन्होंने कहा था, हमारे अस्तित्व को सीधा खतरा हो, तभी हम इस पर विचार करेंगे।

परमाणु मुद्दे पर बहस तब और बढ़ गई थी जब पाकिस्तान की इंटर-सर्विसेज इंटेलिजेंस के पूर्व महानिदेशक जावेद अशरफ काजी ने कड़ी चेतावनी जारी करते हुए कहा था कि दोनों परमाणु संपन्न देश हैं और युद्ध से परमाणु विनाश हो सकता है।

द्वितीय विश्व युद्ध से तुलना करते हुए जावेद अशरफ काजी ने कहा था, जापान में सिर्फ दो बम गिराए गए थे और उसका नतीजे आज भी सामने दिखाई देते हैं। भारत और पाकिस्तान के पास 170-170 से ज्यादा परमाणु बम हैं। इतने बमों के साथ युद्ध की कल्पना करना भी भयावह है।

**पीएम मोदी का पाक को साफ संदेश :** हालांकि, पाकिस्तान की ये हमेशा से आदत रही है कि तनाव बढ़ने के बाद पाकिस्तानी राजनीतिक और सैन्य नेता परमाणु धमकी का सहारा लेते हैं। इस पर भारतीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने साफ कर दिया था कि पाकिस्तान का न्यूक्लियर ब्लैकमेल अब नहीं चलेगा।

पीएम मोदी ने कहा था कि पाकिस्तान के प्रॉक्सी वॉर को अब जंग माना जाएगा और उसका जवाब पूरी ताकत के साथ दिया जाएगा। उन्होंने कहा था कि अगर सीमा पार से कोई भी आतंकी हमला होता है तो उसे देश के खिलाफ जंग ही माना जाएगा।

### ट्रंप के खिलाफ केस लड़ने वाले वकीलों पर हुआ एक्शन, न्यायिक विभाग ने कई लोगों की कर दी छंटनी

**वाशिंगटन एजेंसी।** अमेरिका के न्यायिक विभाग में कुछ लोगों की छंटनी की गई है। इस लिस्ट में कई वकीलों, न्यायिक विभाग के कर्मचारियों और गैर-कानूनी स्टाफ का नाम शामिल है। यह सभी लोग अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के खिलाफ चल रहे केस से किसी न किसी तरह जुड़े हुए थे। मगर, अब इन्हें नौकरी से निकाल दिया गया है।

न्यायिक विभाग की इस छंटनी में कुल कितने लोगों का नाम है, इसकी जानकारी अभी तक सामने नहीं आई है। समाचार एजेंसी एपी ने इस निर्णय से जुड़े 2 लोगों के हवाले से यह जानकारी दी है।

जैक स्मिथ की टीम से अधिक छंटनी

दरअसल अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के खिलाफ दो बड़े केस चल रहे हैं। पहला मामला गोपनीय दस्तावेज रखने का है और दूसरा मामला चुनाव नतीजों में हेरफेर करने की साजिश रचने से संबंधित है। इन मामलों की अगवाई विशेष वकील जैक स्मिथ की टीम कर रही थी। वहीं, अब सबसे ज्यादा छंटनी भी जैक स्मिथ की टीम से ही हुई हैं।

हालांकि, यह पहली बार नहीं है जब ट्रंप के खिलाफ केस से संबंधित लोगों को निष्कासित किया गया है। इससे पहले भी जनवरी 2025 में दर्जनों वकीलों को बरखास्त किया जा चुका है। पिछले महीने भी 3 वकीलों की छंटनी की गई थी। यह तीनों वकील 2021 को कैपिटल हिल दंगों की जांच में शामिल थे।बता दें कि जैक स्मिथ की टीम ने ट्रंप पर आरोप लगाया है कि उन्होंने अपने फ्लोरिडा स्थित घर में कुछ गोपनीय दस्तावेज रखे हैं। इसके अलावा 2020 के राष्ट्रपति चुनाव में ट्रंप ने हेरफेर करने की भी कोशिश की थी।

## गाजा में इजरायली सेना के हमले जारी, खाना लेने जा रहे लोगों पर फायरिंग



**यरुशलम एजेंसी।** गाजा में खाना लेने के लिए जा रहे फलस्तीनियों पर इजरायली सैनिकों ने फायरिंग की है। इस घटना में 24 लोग मारे गए और दर्जनों घायल हुए हैं। यह घटना रफाह शहर की है और फायरिंग के शिकार हुए लोग खाद्य सामग्री वितरित करने वाले अमेरिकी संगठन जीएचएफ के सेंटर की ओर जा रहे थे।

शुक्रवार को ही संयुक्त राष्ट ने गाजा में खाद्य सामग्री लेने आए लोगों पर फायरिंग की घटनाओं में 798 स्त्री, पुरुषों और बच्चों के मारे जाने की जानकारी दी थी। इनके अतिरिक्त शनिवार को गाजा में इजरायली सेना के अन्य हमलों में 28 लोग मारे गए हैं।

**गाजा में इजरायली सेना के हमले जारी.** गाजा में युद्धविराम की कोशिश के बीच इजरायली सेना के हमले जारी हैं। शनिवार को हुए हवाई हमलों में चार बच्चों समेत 28 के मारे जाने की सूचना है। दीर अल-बलाह शहर में 13 लोग मारे गए जबकि 15 लोग खान यूनिस में मारे गए हैं।

इजरायली सेना ने कहा है कि दो दिनों में उसने करीब 250 ठिकानों को निशाना बनाया। हमास इन ठिकानों का इस्तेमाल इजरायली सेना पर हमले के लिए करता था और इनमें से कुछ में लड़ाके छिपे हुए थे।

**इजरायली हमलों में अभी तक 57 हजार से ज्यादा लोग मारे गए:** सात अक्टूबर, 2023 से गाजा पर जारी इजरायली हमलों में अभी तक 57 हजार से ज्यादा लोग मारे गए हैं। उससे पहले हमास ने इजरायली शहरों पर हमला कर करीब 1,200 लोगों को मार डाला था और 251 लोगों को जबरन गाजा में लाकर बंधक बना लिया था।

**गाजा में युद्धविराम के एक अन्य प्रस्ताव पर कार्य हो रहा :** इनमें से 50 बंधक अभी भी हमास के कब्जे में हैं जिनमें से 20 के ही जीवित होने की संभावना है। इस बीच अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा है कि गाजा में युद्धविराम के एक अन्य प्रस्ताव पर कार्य हो रहा है, उस पर दोनों पक्षों की सहमति बनने की संभावना है।

## इस राजनीतिक पार्टी से निकला आरोपियों का कनेक्शन

**ढाका एजेंसी।** ढाका में 43 वर्षीय हिंदू व्यापारी लाल चंद उर्फ सोहाग की नृशंस हत्या ने न केवल बांग्लादेशियों को, बल्कि दुनिया भर के कई लोगों को झकझोर दिया है। लोगों ने बांग्लादेश में व्याप्त घोर अराजकता के लिए मुहम्मद यूनुस के नेतृत्व वाली अंतरिम सरकार की कड़ी आलोचना की है।

यह जघन्य हत्या बुधवार (नौ जुलाई) को ढाका के सर सलीमउल्लाह मेडिकल कॉलेज, मिटफोर्ड अस्पताल के सामने हुई। सोहाग सोहाना मेटल नाम से कबाड़ की दुकान चलाते थे। बाजार में उनकी अच्छी पैठ थी। उनके प्रतिद्वंद्वियों महमूदुल हसन मोहिन और सरवर हुसैन टीटू ने कथित तौर पर व्यवसाय में 50 प्रतिशत हिस्सेदारी या उसके बदले नियमित भुगतान की मांग की थी। पिछले दो-तीन महीनों से आरोपित सोहाग से हर महीने मोटी रकम की रंगदारी मांग रहे थे।

बुधवार को जब उन्होंने सोहाग को अकेला पाया तो मोहिन और उसके चार-पांच साथियों ने उन पर हमला कर दिया। उन्हें पत्थरों से मारा और नंगा करके बेरहमी से पीटा। इससे उनके सिर और शरीर के अन्य हिस्सों पर गंभीर चोटें आईं। परिवार के इकलौते कमाने वाले सोहाग की मौके पर ही मौत हो गई। उनकी वीभत्स हत्या का वीडियो अब इंटरनेट मीडिया पर वायरल हो गया है।

वहां मौजूद लोगों की ओर से कोई हस्तक्षेप नहीं हुआ और डर के मारे किसी ने भी मोहिन को नहीं रोका क्योंकि वह बांग्लादेश जातीयतावादी युवा दल (बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी-बीएनपी की युवा शाखा) की चौकबाजार इकाई के महासचिव पद का उम्मीदवार था। उस पर मिटफोर्ड अस्पताल के पास फुटपाथ पर विक्रेताओं और अन्य व्यापारियों से जबरन वसूली करने



के भी आरोप हैं।अगस्त, 2024 में मुहम्मद यूनुस के बांग्लादेश में सत्ता संभालने के बाद से पत्रकारों, पुलिस अधिकारियों, अल्पसंख्यकों और अवामी लीग पार्टी से जुड़े कार्यकर्ताओं पर कई अकारण और हिंसक हमले हुए हैं।बीएनपी ने जल्द से जल्द चुनाव कराने की मांग की

स्थानीय मीडिया रिपोर्टों के अनुसार, बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) ने शनिवार को मुहम्मद यूनुस के नेतृत्व वाली अंतरिम सरकार के चुनाव से पहले न्याय और सुधार के औचित्य को खारिज कर दिया और कहा कि वह पुनर्गठन के नाम पर अब और देरी बर्दाश्त नहीं करेगी।

प्रमुख बांग्लादेशी दैनिक ढाका ट्रिब्यून की रिपोर्ट के अनुसार, बीएनपी की स्थायी समिति के सदस्य डॉ. अब्दुल मोईन खान ने पार्टी के नए सदस्यों के भर्ती अभियान के दौरान कहा कि अब एकमात्र प्राथमिकता स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव के माध्यम से लोगों के मतदान के अधिकार को सुनिश्चित करना है।

## शराब का नशा और प्लेन के बाथरूम में... एक कपल की वजह से 17 घंटे फंसे रहे यात्री

**न्यूयार्क एजेंसी।** इस हफ्ते की शुरुआत में अमेरिका में एक यात्री विमान उस वक्त 17 घंटे से ज्यादा समय तक फंसा रहा, जब एक जोड़ा उड़ान के दौरान बाथरूम में धूम्रपान करते पकड़ा गया।

न्यूयॉर्क पोस्ट की एक रिपोर्ट के मुताबिक, मंगलवार (8 जुलाई, 2025) को लंदन के गैटविक हवाई अड्डे के लिए जाने वाली टीयूआई एयरवेज की उड़ान BY49 ने मेक्सिको के कैनकन से उड़ान भरी, लेकिन उसे मेन के बांगोर अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर डायवर्ट करना पड़ा। विमान स्थानीय समय के मुताबिक, रात 9 बजकर 30 मिनट पर उतरा।

**17 घंटे से ज्यादा समय तक**



**यात्रियों के फंसे रहने की वजह क्या? :** बाथरूम में स्मोकिंग कर रहे कपल पर नशे में होने का शक था और इसीलिए उन्हें वहां से ले जाया गया, जबकि बाकी यात्रियों को बताया कि जरूरी कागजी कार्रवाई पूरी होते ही विमान फिर से उड़ान भरेगा। हालांकि ब्रिटिश यात्री टेरी लॉरेंस ने बताया कि यात्रियों को पांच घंटे ज्यादा बैठने के लिए मजबूर किया गया।

वहीं, फ्लाइट क्रू मेम्बर अपना काम जारी नहीं रख पाए क्योंकि ऐसा करने से उनके वैध कार्य समय की अवधि खत्म हो जाती। नतीजा ये निकला कि फिर यूके से अमेरिका के लिए एक रिलीफ फ्लाइट भेजनी पड़ी। यहां से स्थिति और बेकार हो गई क्योंकि यात्रियों को एक छोटी सी जगह वाले लाउंज में ठूंस दिया गया। इसके बारे में ब्रिटिश यात्री लॉरेंस का कहना है कि वह हवाई अड्डे का सैन्य एअरबेस वाला हिस्सा था। अगले दिन दोपहर तीन बजे तक यात्री रवाना नहीं हो सके और उन्हें साढ़े सत्रह घंटे तक का इंतजार करना पड़ा। हालांकि अब सभी यात्री सुरक्षित लंदन पहुंच चुके हैं।

## अमेरिका में खालिस्तानियों पर बड़ा एक्शन, 8 आतंकी गिरफ्तार

**वाशिंगटन एजेंसी।** अमेरिका की संघीय जांच ब्यूरो ने खालिस्तानी आतंकियों के खिलाफ बड़ा एक्शन करते हुए 8 आतंकियों को गिरफ्तार कर लिया है। जानकारी के मुताबिक एफबीआई ने एक गैंग से संबंधित अपहरण के मामले में यह कार्रवाई की है। गिरफ्तार किए गए 8 आतंकियों में एनआइए की लिस्ट में शामिल मोस्ट वांटेड आतंकी पवित्तर सिंह बटाला का नाम भी है। एक रिपोर्ट में अधिकारियों के हवाले से बताया है कि शनिवार को पवित्तर सिंह बटाला सहित 8 आतंकियों को गिरफ्तार किया गया है। सैन जोकिन काउंटी शेरिफ कार्यालय ने शनिवार को एक बयान में कहा, 11 जुलाई 2025 को विभिन्न एजेंसियों ने एफबीआई की स्वाद टीम के साथ मिलकर गैंग से संबंधित अपहरण के सिलसिले में दिलप्रीत सिंह, अर्शप्रीत सिंह, अमृतपाल सिंह, विशाल, पवित्तर सिंह, गुरताज सिंह, मनप्रीत रंधावा और सरबजीत सिंह को गिरफ्तार किया है।तलाशी के दौरान एफबीआई ने गिरफ्तार किए गए आतंकवादियों के पास से 5 हैंडगन, एक असॉल्ट राइफल, सैकड़ों राउंड गोला-बारूद, मैगज़ीन और 15,000 अमेरिकी डॉलर से ज्यादा नकद बरामद किए हैं।

भारतीय खुफिया एजेंसियों के मुताबिक गिरफ्तार किए गए सभी आरोपी गैंगस्टर-आतंकवादी नेटवर्क से जुड़े हैं।

## रेत और धूल के कारण हर साल 70 लाख लोगों की समय से पहले मौत, रिपोर्ट ने चौंकाया

**संयुक्त राष्ट्र, एजेंसी।** संयुक्त राष्ट विश्व मौसम संगठन के अनुसार, रेत और धूल के तूफान 150 से अधिक देशों में लगभग 33 करोड़ लोगों को प्रभावित करते हैं। ये स्वास्थ्य, अर्थव्यवस्था और पर्यावरण पर गंभीर असर डाल रहे हैं। डब्ल्यूएमओ की प्रतिनिधि लॉरा पैटरसन ने संयुक्त राष्ट महासभा को बताया कि हर साल लगभग 2 अरब टन धूल निकलती है, जो मिस्र की 300 गीजा पिरामिडों के बराबर है। उन्होंने कहा कि दुनिया की 80 प्रतिशत से अधिक धूल उत्तरी अफ्रीका और मध्य पूर्व के रेगिस्तानों से आती है। यह सैकड़ों व हजारों किलोमीटर दूर तक महाद्वीपों और महासागरों को पार करते हुए फैलती है।



महासभा ने शनिवार को रेत और धूल के तूफानों से निपटने के लिए अंतरराष्ट्रीय दिवस मनाया और 2025 से 2034 तक को संयुक्त राष्ट दशक के रूप में नामित किया। महासभा के अध्यक्ष फिलेमॉन यांग ने कहा कि ये तूफान जलवायु परिवर्तन, भूमि क्षरण और गैर-स्थायी प्रथाओं के कारण तेजी से एक वैश्विक चुनौती बन रहे हैं। उन्होंने बताया कि इन तूफानों से उत्पन्न कण हर साल 70 लाख समय से पहले मौतों का कारण बनते हैं। ये श्वसन और हृदय रोगों को बढ़ाते हैं। फसल उत्पादन को 25 प्रतिशत तक कम करते हैं, जिससे भुखमरी और पलायन की समस्याएं बढ़ जाती हैं। पश्चिमी एशिया के लिए संयुक्त राष्ट आर्थिक और सामाजिक आयोग की प्रमुख रोल दश्ती ने कहा, मध्य पूर्व और उत्तरी अफ्रीका में इन तूफानों से निपटने की वार्षिक लागत 150 अरब डॉलर है, जो सकल घरेलू उत्पाद का लगभग 2.5 प्रतिशत है। उन्होंने बताया कि इस वसंत में अरब क्षेत्र में तूफानों ने इराक में अस्पतालों को श्वसन रोगियों से भर दिया। कुवैत और ईरान में स्कूलों व कार्यालयों को बंद करने के लिए मजबूर किया। दश्ती ने जोर देकर कहा कि रेत और धूल के तूफानों को वैश्विक और राष्ट्रीय एजेंडा में शामिल करना जरूरी है।

## क्या पाकिस्तान के राष्ट्रपति बनेंगे आसिम मुनीर? शहबाज शरीफ ने बताई अंदर की बात, कहा- देश को विकसित करना हमारा लक्ष्य

**ई, इस्लामाबाद।** पाकिस्तान में प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने उन चर्चाओं को खारिज किया है जिनमें राष्टपति पद से आसिफ अली जरदारी को हटाकर उनके स्थान पर फील्ड मार्शल आसिम मुनीर को नियुक्त किए जाने का कयास लगाया जा रहा है।

प्रधानमंत्री शरीफ ने कहा, फील्ड मार्शल मुनीर ने कभी भी राष्टपति बनने की इच्छा जाहिर नहीं की और न ही उनके समक्ष ऐसा कोई प्रस्ताव रखे जाने की योजना है।

**पाकिस्तान के पीएम शहबाज शरीफ ने क्या कहा? :** कहा- राष्टपति जरदारी, फील्ड मार्शल मुनीर और उनके बीच परस्पर सम्मान वाला रिश्ता है। हमारा लक्ष्य पाकिस्तान का विकास और उसे समृद्ध बनाना है। शरीफ की ओर से यह वक्तव्य गृह मंत्री मोहसिन नकवी के



उस एक्स पोस्ट के बाद आया है जिसमें जरदारी, शरीफ और मुनीर के बीच गलतफहमी पैदा करने के लिए अभियान चलाए जाने की निंदा की गई है।

**पाकिस्तान के गृह मंत्री नकवी ने क्या कहा? :** नकवी ने कहा कि हम अच्छी तरह से जानते हैं कि इस दुष्प्रचार के पीछे कौन लोग हैं। इस तरह के दुष्प्रचार के पीछे विदेशी एजेंसियां हैं जो पाकिस्तान को खुशहाल होते नहीं देखना चाहती हैं। नकवी ने कहा, राष्टपति पद पर बदलाव के संबंध में न कोई विमर्श हुआ है और न ही कोई विचार आया है। लेकिन हम हर वह कार्य करेंगे जिससे पाकिस्तान मजबूत हो।

**तीन वर्ष के लिए हुई थी मुनीर की सेना प्रमुख के तौर पर नियुक्ति :** उल्लेखनीय है कि पाकिस्तान में 2022 में मुनीर की सेना प्रमुख के रूप में तीन वर्ष के लिए नियुक्ति हुई थी जिसे बाद में सरकार ने बढ़ाकर पांच वर्ष के लिए कर दिया था। जबकि जरदारी 2024 में राष्टपति बने थे और उनका कार्यकाल पांच वर्ष का है। पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी के नेता रहे जरदारी को यह पद शहबाज शरीफ को प्रधानमंत्री पद के लिए समर्थन देने के समझौते के तहत मिला था।

# नहीं काम आई रवींद्र जडेजा की लड़ाई, इंग्लैंड ने लॉर्ड्स में भारत को दी पटखनी



नई दिल्ली। लॉर्ड्स जैसे ऐतिहासिक मैदान पर जिस तरह की टेस्ट क्रिकेट की उम्मीद की जाती है भारत और इंग्लैंड ने ठीक उसी प्रतिद्वंद्वी क्रिकेट का मुजायरा पेश किया। आलाम ये रहा कि आखिरी दिन दोनों टीमों जीत से बराबरी की दूरी पर खड़ी थी। यहां किस्मत, रणनीति और जुझारूपन से जीत मिली थी जो मेजबान टीम ने दिखाया और भारत को तीसरे मैच में 22 रनों से मात दी। जीत के लिए भारत को 193 रन बनाने थे। आखिरी दो दिन लॉर्ड्स की पिच पर बल्लेबाजी करना मुश्किल था और यही हुआ। भारत काफी संघर्ष के बाद 170 रन ही बना सका।

इसी के साथ इंग्लैंड ने पांच मैचों की टेस्ट सीरीज में 2-1 की बढ़त ले ली है। इंग्लैंड के गेंदबाजों ने आखिरी दिन ज्यादा देर का खेल चलने भी नहीं दिया और जल्दी-जल्दी भारतीय बल्लेबाजों को पवेलियन भेज जीत हासिल की। भारत ने दिन की शुरुआत चार विकेट के नुकसान पर 58 रनों से की थी। केएल राहुल 33 रनों के साथ उतरे और उनके साथ थे ऋषभ पंत। नौ रनों के निजी स्कोर पर पंत जोफ्रा आर्चर की गेंद पर बोल्ड हो गए। राहुल को स्टोक्स ने एलबीडब्ल्यू किया। वह 58 गेंदों पर छह चौकों की मदद से 39 रन बनाने में सफल रहे। आर्चर ने अपनी ही गेंद पर शानदार कैच लपक वॉशिंगटन सुंदर की पारी का अंत किया। इसके बाद रवींद्र जडेजा और नीतीश कुमार रेड्डी ने कुछ देर पैर जमाए जिससे भारत को उम्मीद बंधी। इस उम्मीद को क्रिस वोक्स ने तोड़ दिया। उन्होंने रेड्डी को 112 के कुल स्कोर पर आउट किया। वह 53 गेंदों पर 13 रन बनाने में सफल रहे।

इसके बाद जडेजा को साथ मिला बुमराह का। दोनों ने 35 रनों की साझेदारी कर भारत जीत दिलाने की कोशिश की। बुमराह अच्छे तरह से जडेजा का साथ दे रहे थे। जडेजा रन बना रहे थे और बुमराह क्रीज पर खड़े होकर भारत के लिए लड़ाई लड़ रहे थे।

# बेन डकेट को आउट कर उग्र हुए सिराज, आईसीसी ने ठोका जुर्माना, एक डिमेरिट अंक भी जुड़ा



लॉर्ड्स(एजेंसी)। भारत के तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज पर लॉर्ड्स में इंग्लैंड के खिलाफ तीसरे टेस्ट के दौरान बेन डकेट को आउट करने के बाद उग्र होने के लिए मैच फीस का 15त्न जुर्माना लगाया है। सिराज को जुर्माने के अलावा एक और डिमेरिट अंक भी दिया गया है।

यह घटना मैच के चौथे दिन हुई थी जब उन्होंने दूसरी पारी में सलामी बल्लेबाज को आउट किया था। सिराज ने इंग्लिश बल्लेबाज को आउट करने के बाद आक्रामक अंदाज में विदाई दी जिसमें उनके चेहरे पर जोर से जश्न मनाना और आउट होने के बाद उनसे टकराना भी शामिल था।

सिराज को खिलाड़ियों और खिलाड़ी सहयोगी स्टाफ के लिए आईसीसी आचार संहिता के अनुच्छेद 2.5 के उल्लंघन का दोषी पाया गया, जो किसी अंतरराष्ट्रीय मैच के दौरान बल्लेबाज के आउट होने पर अपमानजनक भाषा, हरकतें या हाव-भाव का इस्तेमाल करने या बल्लेबाज को भड़काने से संबंधित है। सिराज को जुर्माने के अलावा एक और डिमेरिट अंक भी दिया गया है।

पिछले 24 महीनों में सिराज का यह दूसरा ऐसा अपराध था, जिसका मतलब है कि अब उनके रिकॉर्ड में 2 डिमेरिट अंक हैं। अगर 24 महीने की अवधि समाप्त होने से पहले उनके 4 डिमेरिट अंक हो जाते हैं तो उन पर स्वतः ही एक मैच का निलंबन लग जाएगा।

# भारत के पूर्व तेज गेंदबाज वरुण आरोन को बड़ी जिम्मेदारी, इस आईपीएल टीम ने बनाया कोच



**हैदराबाद (एजेंसी)।** भारतीय टीम के पूर्व तेज गेंदबाज वरुण आरोन को सनराइजर्स हैदराबाद ने 2026 के आईपीएल सत्र के लिए सोमवार को अपना गेंदबाजी कोच नियुक्त किया। आरोन न्यूजीलैंड के बाएं हाथ के पूर्व तेज गेंदबाज जेम्स फ्रैंकलिन की जगह लेंगे। सनराइजर्स ने अपने 'एक्स' पर लिखा, 'हमारे कोचिंग स्टाफ में एक शानदार इजाफा। वरुण आरोन का हमारे नए गेंदबाजी कोच के रूप में स्वागत है।'

आरोन ने 2011 और 2015 के बीच भारत के लिए नौ टेस्ट और उतने ही वनडे खेले थे। 35 साल के आरोन ने अपना आखिरी प्रतिस्पर्धी मैच इसी साल पांच जनवरी को जयपुर में गोवा के खिलाफ झारखंड के लिए विजय हजारे ट्रॉफी का खेल था। झारखंड के इस 50 ओवर के घरेलू टूर्नामेंट के नॉकआउट चरण में पहुंचने में विफल रहने पर उन्होंने संन्यास की घोषणा कर दी थी। उन्होंने पिछले साल चेन्नई में एमआरएफ पेस फाउंडेशन में आस्ट्रेलिया के दिग्गज ग्लेन मैकग्राथ के साथ एक कोच के रूप में कुछ समय के लिए काम किया था।

आरोन करियर की शुरुआत में एक युवा तेज गेंदबाज के रूप में अपनी पहचान बनाई थी जो 150 किमी प्रति घंटे की रफ्तार को पार करने में सक्षम था। भारतीय क्रिकेट के शीर्ष अधिकारियों ने उस समय आरोन और उभरते हुए एक अन्य तेज गेंदबाज उमेश यादव पर बहुत अधिक ध्यान दिया था। उमेश ने देश के लिए 50 से अधिक टेस्ट खेले तो वहीं लगातार चोटिल होने के कारण आरोन का करियर परवान नहीं चढ़ सका। आरोन ने संन्यास के बाद टेलीविजन पर क्रिकेट विशेषज्ञ के तौर पर काम करना शुरू किया है।

# एमआई न्यूयॉर्क ने दूसरी बार जीता मेजर लीग क्रिकेट का खिताब




**डलास (एजेंसी)।** एमआई न्यूयॉर्क ने सोमवार को वाशिंगटन फ्रीडम के खिलाफ फाइनल मुकाबले में पांच रन से जीत दर्ज की। इसी के साथ एमआई ने दूसरी बार मेजर लीग क्रिकेट (एमएलसी) का खिताब अपने नाम कर लिया।

एमआई न्यूयॉर्क ने साल 2023 में पहली बार एमएलसी की ट्रॉफी अपने नाम की थी, जिसके बाद अगले साल इस खिताब को वाशिंगटन फ्रीडम ने अपने नाम किया था। डलास में खेले गए मुकाबले में टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी के लिए उतरी एमआई न्यूयॉर्क ने सात विकेट खोकर 180 रन बनाए। इस टीम को सलामी बल्लेबाजों ने शानदार शुरुआत दिलाई। मोनांक पटेल और क्विंटन डी कॉक ने 7.1 ओवरों में 72 रन जोड़े। मोनांक 22 गेंदों में 28 रन बनाकर पवेलियन लौटे। तजिंदर ढिल्लन तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी के लिए आए, लेकिन 14 रन से ज्यादा नहीं बना सके।

यहां से क्विंटन डी कॉक ने कप्तान निकोलस पूरन के साथ तीसरे विकेट के लिए 56 रन जुटाए। पूरन ने 17 गेंदों में 21 रन की पारी खेली, जबकि क्विंटन डी कॉक ने 46 गेंदों में चार छक्कों और छह चौकों की मदद से 77 रन बनाए। विपक्षी टीम की ओर से लॉकी फर्ग्यूसन ने सर्वाधिक तीन विकेट झटके। उनके अलावा इयान हॉलैंड, जैक एडवर्ड्स, ग्लेन मैक्सवेल और सौरभ नेत्रावलकर ने एक-एक शिकार किया।

इसके जवाब में वाशिंगटन फ्रीडम की टीम निर्धारित ओवरों में 175/5 के स्कोर से आगे नहीं बढ़ सकी। टीम शुरुआती पांच गेंदों में अपने दो बल्लेबाजों का विकेट गंवा चुकी थी। इस समय तक फ्रीडम का खाता तक नहीं खुला था। यहां से रचिन रविंद्र ने जैक एडवर्ड्स के साथ तीसरे विकेट के लिए 84 रन जोड़े। एडवर्ड्स 22 गेंदों में 33 रन की पारी खेलकर आउट हुए। इसके बाद रचिन रविंद्र ने ग्लेन फिलिप्स के साथ चौथे विकेट के लिए 46 रन जुटाए। रविंद्र 41 गेंदों में दो छक्कों और आठ चौकों की मदद से 70 रन बनाकर आउट हुए।

ग्लेन फिलिप्स ने टीम को लक्ष्य तक पहुंचाने की कोशिश जरूर की, लेकिन जीत नहीं दिला सके। फिलिप्स 34 गेंदों में 48 रन बनाकर नाबाद रहे। उनकी इस पारी में पांच छक्के शामिल थे। एमआई न्यूयॉर्क की ओर से ट्रेंट बोल्ट और रुशिल उगरकर को दो-दो विकेट हाथ लगे, जबकि नोस्टुश केंजीगे ने एक शिकार किया।

# कुदेरमेतोवा और मेर्टेंस महिला युगल चैंपियन



लंदन। वेरोनिका कुदेरमेतोवा और एलिसे मेर्टेंस की जोड़ी ने महिला युगल के फाइनल में सु-वेई सीह और येलेना ओस्टापेंको को 3-6, 6-2, 6-4 से शिकस्त देकर खिताब पर कब्जा कर लिया। कुदेरमेतोवा पहली बार ग्रैंड स्लैम चैंपियन बनी हैं जबकि मेर्टेंस का यह पांचवां ग्रैंड स्लैम और दूसरा विम्बलडन युगल खिताब है। कुदेरमेतोवा और मेर्टेंस 2021 के फाइनल में एक-दूसरे के खिलाफ थीं, लेकिन इस साल विम्बलडन में पहली बार एक साथ खेल रही थीं। यह जोड़ी तीसरे सेट में 2-4 से पीछे थी लेकिन शानदार वापसी करते हुए अंतिम चार गेम को भुना कर खिताब जीतने में सफल रही। सु-वेई ने तीन अलग-अलग जोड़ीदारों के साथ चार बार विम्बलडन युगल खिताब जीता है। कुदेरमेतोवा ने कहा, मैं वह (2021) फाइनल हार गई थी और वह बहुत निराशाजनक था। आज मैंने खुद से कहा था कि मुझे यह खिताब चाहिए, और अब यह मेरा है।

# डब्यूपीएल से महिला क्रिकेट को मिली कई प्रतिभाएं : कोच मजूमदार

**बर्मिंघम (एजेंसी)।** भारतीय महिला क्रिकेट टीम के कोच अमोल मजूमदार ने कहा है कि महिला प्रीमियर लीग (डब्यूपीएल) के अनुभवों के कारण ही इस बार भारतीय टीम इंग्लैंड में टी20 सीरीज जीतने में सफल रही है। उन्होंने कहा, 'डब्यूपीएल से टीम को कई प्रतिभाएं मिली हैं। इसमें कोई संदेह नहीं है पर भारत में और भी टूर्नामेंट हैं जिन पर हमारी नजरें है। बहुत सारे घरेलू खिलाड़ी भी इनमें खेल रहे हैं। उन्होंने कहा, 'डब्ल्यूपीएल बीसीसीआई की पहल का एक हिस्सा मात्र है। इसलिए मुझे लगता है कि डब्ल्यूपीएल हमारे लिए एक सुखद अनुभव रहा है। लेकिन साथ ही ऐसे अन्य टूर्नामेंट भी हैं जो महत्वपूर्ण हैं। भारत की पदार्पण करने वाली बाएं हाथ की स्पिनर श्री चरणी ने 10 विकेट लेकर श्रृंखला जीत में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई और वह भी डब्ल्यूपीएल से ही निकलकर भारतीय टीम में पहुंची हैं। अमोल ने कहा, 'मुझे लगता है, आप जानते हैं, डब्ल्यूपीएल से हमने उन्हें पहचाना और फिर मुझे लगता है कि उनकी प्रगति शानदार रही है। हम एक बाएं हाथ की स्पिनर की तलाश में थे और वह इस काम के लिए बिल्कुल सही रही हैं। मजूमदार ने कहा कि इस सीरीज में सबसे विशेष बात भारत की सटीक गेंदबाजी और क्षेत्ररक्षण रहा जिसने पहले से ही मजबूत बल्लेबाजी क्रम का अच्छा साथ निभाया।



उन्होंने कहा, 'मुझे लगता है कि सबसे अहम बात हमारी गेंदबाजी थी। इसमें कोई संदे नहीं है। भारत से रवाना होने से पहले हमारे पास एक रणनीति थी। हमारा शिविर अच्छा था और हमने अपनी गेंदबाजी और क्षेत्ररक्षण पर काफी ध्यान दिया जिसका प्रभाव इस सीरीज में दिखा। मुझे लगता है कि सबसे बड़ी उपलब्धि हमारी गेंदबाजी और क्षेत्ररक्षण रहे। राधा यादव की गेंदबाजी और क्षेत्ररक्षण ने भी श्रृंखला के दौरान ध्यान आकर्षित किया और मजूमदार ने कहा कि यह सुधार इस बाएं हाथ की स्पिनर द्वारा घरेलू स्तर पर किए गए प्रयासों का परिणाम है।

# श्री चरणी टी20 ने की राधा के रिकार्ड की बराबरी



एजबेस्टन । भारतीय महिला क्रिकेट टीम की उभरती हुई स्पिनर श्री चरणी ने इंग्लैंड के खिलाफ सीरीज में शानदार प्रदर्शन किया है। श्री चरणी ने इसी सीरीज में अपने टी20 करियर की शुरुआत करते हुए सीरीज के पांच मैचों में 14.8 की औसत के साथ 10 विकेट लिए हैं। इसी के साथ श्री चरणी टी20 सीरीज में सबसे अधिक विकेट लेने वाली भारतीय महिला खिलाड़ियों की सूची में संयुक्त रूप से पहले पायदान पर पहुंच गई हैं। श्री चरणी के अलावा राधा यादव के नाम भी एक ही टी20 सीरीज में 10 विकेट लेने का रिकार्ड है। राधा ने साल 2024 में बांग्लादेश के खिलाफ ये उपलब्धि हासिल की थी। इस सूची में श्री चरणी और राधा यादव के बाद दीप्ति शर्मा है। दीप्ति ने इंग्लैंड के खिलाफ इसी सीरीज में 9 विकेट लिए हैं। श्री चरणी ने इससे पहले एकदिवसीय प्राच्रूप में के पांच मैचों में छह विकेट लिए हैं। श्री चरणी ने इंग्लैंड के खिलाफ सीरीज के पहले मैच में 12 रन देकर चार विकेट और अगले तीन मैचों में दो-दो शिकार किए। हालांकि, अंतिम मैच में उन्हें कोई विकेट हाथ नहीं मिला। इस सीरीज को टीम इंडिया ने 3-2 से जीता ओर इस दौरान पूरी सीरीज में भारतीय खिलाड़ी छायी रही। अंतिम मैच में भ मेजबान टीम को अंतिम गेंद पर ही जीत मिली।

# पीएसजी को हराकर चेल्सी ने जीता फीफा क्लब विश्वकप का खिताब



**न्यूयॉर्क (एजेंसी)।** फ्रेंच क्लब पेरिस सेंट जर्मेन यानी पीएसजी के फीफा क्लब वर्ल्ड कप जीतने का सपना टूट गया है। इस सीजन पीएसजी ने सभी चार ट्रॉफी अपने नाम की थी लेकिन यहां चेल्सी भारी पड़ गई। मेटलाइफ स्टेडियम पर खेले गए खिताबी मुकाबले में चेल्सी ने पीएसजी को 3-0 से हराया। चेल्सी की यह दूसरी क्लब विश्व कप ट्रॉफी है। इससे पहले टीम ने 2021 में भी खिताब अपने नाम किया था। इस बार यह टूर्नामेंट अलग फॉर्मेट में आयोजित किया गया था। इसमें 32 टीमों ने हिस्सा लिया और इसकी शुरुआत 14 जून को हुई थी। 2023 में शुरू हुए इस टूर्नामेंट में पिछले साल तक 8 टीमें ही हिस्सा लेती हैं।

### कोल पाल्मर जीत के हीरो रहे

चेल्सी के लिए कोल पाल्मर ने दो गोल किए। 22वें मिनट में पाल्मर ने पहला गोल दागा। इसके 8 मिनट बाद उन्होंने टीम की तरफ से दूसरा गोल कर दिया। 30वें मिनट तक चेल्सी की बढ़त 2-0 की हो गई थी। पहले हाफ के अंत में चेल्सी ने तीसरा गोल भी कर दिया। जोआओ पेड्रो के गोल की मदद से चेल्सी की जीत पहले हाफ में ही पक्की हो गई थी। पीएसजी की टीम पूरे मुकाबले में कोई भी गोल नहीं कर पाई।

### डोनाल्ड ट्रंप ने ट्रॉफी दी

पीएसजी का इस सीजन शानदार प्रदर्शन रहा। क्लब ने फ्रेंच लीग, फ्रेंच कप और फ्रेंच सुपर कप की ट्रॉफी जीती थी। फिर इतिहास में पहली बार चैंपियंस लीग का खिताब भी जीता। लेकिन सीजन की 5वीं ट्रॉफी जीतने का सपना चेल्सी ने तोड़ दिया। चेल्सी हालिया प्रीमियर लीग में चौथे स्थान पर रही थी। यह मुकाबला 81,118 दर्शकों की मौजूदगी में खेला गया, जिसमें अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप भी शामिल थे। ट्रंप ने पोडियम पर जाकर विजेता टीम को ट्रॉफी दी।

चेल्सी के युवा खिलाड़ी कोल पाल्मर को गोल्डन बॉल दिया है। यह अवॉर्डटूर्नामेंट के बेस्ट खिलाड़ी को दिया जाता है। इस टूर्नामेंट में पाल्मर ने तीन गोल करने के साथ ही दो असिस्ट भी किए। चेल्सी के गोलकीपर रॉबर्ट सांचेज को गोल्डन ग्लव पुरस्कार मिला और 20 वर्षीय पीएसजी फॉरवर्ड डेसिरे डूए को टूर्नामेंट का सर्वश्रेष्ठ युवा खिलाड़ी चुना गया।

# साइना नेहवाल अपने पति कश्यप परुपल्ली से होंगी अलग, सोशल मीडिया पर शेयर की भावुक पोस्ट

नई दिल्ली । भारतीय बैडमिंटन आइकन साइना नेहवाल ने पति और साथी शटलर कश्यप परुपल्ली से अलग होने की घोषणा की है। यह जोड़ा, जो एक दशक से अधिक समय से साथ है और 2018 में शादी के बंधन में बंधा था। साइना ने रविवार को इंस्टाग्राम पर साझा किए गए एक भावुक बयान के माध्यम से अलग होने के अपने फैसले की पुष्टि की। साइना ने कहा, 'जीवन हमें कभी-कभी अलग दिशाओं में ले जाता है। बहुत सोचने और विचार करने के बाद कश्यप परुपल्ली और मैंने अलग होने का फैसला किया है। हम अपने और एक-दूसरे के लिए शांति, विकास और उपचार का चयन कर रहे हैं। मैं यादों के लिए आभारी हूं और आगे बढ़ने के लिए शुभकामनाएं देती हूं।' साइना और कश्यप भारत की सबसे प्रमुख बैडमिंटन हस्तियों में से हैं जिन्हें अक्सर टूर्नामेंटों में एक-दूसरे का समर्थन करते और पेशेवर उपलब्धियों का जश्न साथ मिलकर मनाते देखा गया है। अलगाव का कारण निजी है, साइना के संदेश में आपसी सम्मान और सकारात्मक रूप से आगे बढ़ने के साझा इरादे पर जोर दिया गया है। इस पोस्ट को प्रशंसकों, साथी एथलीटों और शुभचिंतकों का भरपूर समर्थन मिला, जिनमें से कई ने स्थिति को संभालने में दोनों की शालीनता और परिपक्वता की प्रशंसा की। पूर्व विश्व नंबर एक और ओलंपिक कांस्य पदक विजेता साइना नेहवाल खेलों में भारतीय महिलाओं के लिए एक पथप्रदर्शक रही हैं। कश्यप पारुपल्ली का भी एक विशिष्ट करियर रहा है उन्होंने ओलंपिक और राष्ट्रमंडल खेलों सहित कई अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंटों में भारत का प्रतिनिधित्व किया है। अलग-अलग निजी यात्राओं पर निकल पड़े साइना और कश्यप दोनों ही बैडमिंटन समुदाय और उसके बाहर अपार सम्मान अर्जित करते हैं।



# नीरज सहित कई एथलीट विश्व चैंपियनशिप से पहले यूरोप और अमेरिका में अभ्यास करेंगे

नई दिल्ली । विश्व चैंपियनशिप के लिए क्वालीफाई करने वाले खिलाड़ियों को बेहतर प्रदर्शन के लिए विदेश में प्रशिक्षण की सुविधा मिलेगी। इसका खर्च खेल मंत्रालय उठाएगा। इसी के तहत ही भारतीय खिलाड़ी सितंबर में होने वाले विश्व चैंपियनशिप से पहले यूरोप और अमेरिका में अभ्यास करेंगे। एथलेटिक्स के सबसे अधिक खिलाड़ियों को विदेश में प्रशिक्षण की सुविधा मिलेगी। एक बैठक में एथलेटिक्स के लिए 86 लाख रुपये के प्रशिक्षण और प्रतियोगिता प्रस्तावों को मंजूरी दी गयी है। इस राशि का एक बड़ा हिस्सा उन खिलाड़ियों के लिए निर्धारित किया गया है जिन्होंने 13 से 21 सितंबर तक टोक्यो में होने वाली प्रतियोगिता के लिए क्वालीफाई किया है। भाला फेंक खिलाड़ी नीरज चोपड़ा के नाम विश्व चैंपियनशिप के दो पदक है और 27 साल का यह खिलाड़ी एक बार फिर से भारत के लिए पदक की सबसे बड़ी उम्मीद होगा। वह 57 दिनों के लिए प्राग और चेक गणराज्य के निम्बार्क में प्रशिक्षण लेंगे। चोपड़ा ने 2022 में रजत और 2023 में स्वर्ण पदक जीता था। वहीं स्टीपलचेज खिलाड़ी अविनाश साबले, पारुल चौधरी और लंबी दूरी के धावक गुलबीर सिंह 15 जुलाई से तीन सितंबर तक कोलोराडो स्प्रिंग्स, लॉस एंजिल्स में प्रशिक्षण लेंगे। सरकार ने तीनों के प्रशिक्षण खर्च के लिए 41.29 लाख रुपये मंजूर किए हैं।

# लिवरपूल ने प्री-सीजन की शुरुआत प्रेस्टन पर 3-1 की जीत के साथ की, जोटा-सिल्वा को दी गई श्रद्धांजलि

लिवरपूल, 14 जुलाई (वेब वार्ता)। लिवरपूल ने अपने 2025-26 प्री-सीजन की शुरुआत डीपडेल में प्रेस्टन नॉर्थ एंड पर 3-1 से जीत के साथ की। यह जीत लिवरपूल के लिए बेहद भावनात्मक थी। लिवरपूल के खिलाड़ी डिओगो जोटा की पिछले सप्ताह स्पेन में एक कार दुर्घटना में मौत हो गई थी। हादसे में जोटा के भाई आंद्रे सिल्वा की भी मौत हो गई थी। मैच शुरू होने से पहले, स्टेडियम का माहौल बेहद भावुक था। प्रेस्टन और लिवरपूल के खिलाड़ियों ने प्रशंसकों के सामने एक मिनट का मौन रखा और जोटा के लिए पुष्पांजलि अर्पित की। मैच से पहले 'यू विल नेवर वॉक अलोन' का भावपूर्ण लाइव प्रदर्शन हुआ। दोनों टीमों के खिलाड़ियों ने बांह पर काली पट्टी बांध रखी थी। 20वें मिनट में, जब दोनों भाइयों की तस्वीर दिखाई गई, तो पूरा स्टेडियम तालियों की गड़गड़ाहट से भर गया। जोटा के लिए भावुक गीत भी गाया गया। डिओगो और आंद्रे को दी जाने वाली श्रद्धांजलि यहीं नहीं रुकी। लिवरपूल के डार्विन नुनेज ने दूसरे हाफ में जोटा के प्रतिष्ठित गोल सेलिब्रेशन की नकल करके अपने गोल का जश्न मनाया, जबकि कोडी गाकपो ने बाद में जोटा की शर्ट नंबर – 20 का इशारा करते हुए अपने गोल का जश्न मनाया, जिससे प्रशंसक खुशी से झूम उठे। मैदान पर, रेड्स ने शानदार प्रदर्शन किया। कॉनर ब्रैडली ने पहले हाफ के आखिर में स्कोरिंग की शुरुआत की, जिसमें किशोर रियो न्गुमोहा और फेडेरिको चिएसा ने भी मदद की। ब्रेक के बाद नुनेज ने रक्षात्मक गलती का फायदा उठाकर बढ़त दोगुनी कर दी और गैकपो ने अंतिम मिनटों में प्रेस्टन के लियाम लिंडसे द्वारा एक शक्तिशाली हेडर से गोल करने के बाद तीसरा गोल दागा।



# यानिक सिनर ने पहला विम्बलडन खिताब जीता, दो बार के गत चैंपियन अल्काराज को हराया

**लंदन (एजेंसी)।** शीर्ष रैंकिंग खिलाड़ी यानिक सिनर ने रविवार को यहां पुरुष एकल के फाइनल में दो बार के गत चैंपियन कार्लोस अल्काराज को 4-6, 6-4, 6-4, 6-4 से हराकर पहला विम्बलडन और चौथा ग्रैंडस्लैल खिताब जीता। इस तरह इटली के खिलाड़ी सिनर ने पांच हफ्ते पहले हुए फ्रेंच ओपन के ऐतिहासिक फाइनल के नतीजे को भी बदल दिया। अब सिनर दूसरी रैंकिंग पर काबिज स्पेनिश खिलाड़ी अल्काराज से कुल ग्रैंडस्लैम खिताब से एक कदम दूर हैं।

इस जीत से सिनर ने 22 वर्षीय अल्काराज के लगातार खिताब जीतने के सिलसिले को भी तोड़ दिया। अल्काराज ने सिनर के खिलाफ पिछले पांच मुकाबले जीते थे जिसमें हालिया जीत आठ जून को रोलां गैरां में लगभग साढ़े पांच घंटे तक चली पांच सेटों की भिड़ंत में आई थी। सिनर ने उस मैच में दो सेट की बढ़त बना ली थी लेकिन जीत हासिल नहीं कर सके। इससे अल्काराज का मेजर फाइनल में स्कोर 5-0 हो गया था।


सिनर ने ऑल इंग्लैंड क्लब में ऐसे मैच में अपनी छाप छोड़ी जिसमें दोनों खिलाड़ियों ने शानदार खेल दिखाया। हालांकि बीच-बीच में चूक भी हुई। अल्काराज ने सेंटर कोर्ट में अपने करियर के सर्वश्रेष्ठ 24 मैच की जीत के साथ उतरे थे। उन्होंने ऑल इंग्लैंड क्लब में लगातार 20 मैच जीते थे जिसमें 2023 और 2024 के फाइनल में नोवाक जोकोविच के खिलाफ जीत भी शामिल है।

विंबलडन में पिछली बार अल्काराज को हराने वाले खिलाड़ी सिनर हैं जिन्होंने 2022 में चौथे दौर में उन्हें शिकस्त दी थी। यह सिनर के लिए एक यादगार जीत साबित हुई जिसने उनकी उस बात को साबित कर दिया कि पेरिस में हारने का कोई असर नहीं होगा। हालांकि यह कल्पना करना मुश्किल है कि रविवार को उस हार का जरा भी ख्याल उनके दिमाग में नहीं था, विशेषकर जब तब चौथे सेट में 4-3, 15-40 के स्कोर पर सर्विस करते हुए उन्हें दो ब्रेक प्वाइंट का सामना करना पड़ा। लेकिन सिनर ने शांति से अगले चार प्वाइंट अपने नाम कर जीत हासिल कर ली।

जब सेट खत्म हुआ तो सिनर ने दोनों हाथ अपनी सफेद टोपी पर रख लिए। नेट पर अल्काराज को गले लगाने के बाद सिनर सिर झुकाकर कोर्ट पर झुक गए और फिर अपनी दाहिनी हथेली घास पर रख दी। सिनर ने फ्रेंच ओपन की हार को सच में पीछे छोड़ दिया और दिखा दिया कि अल्काराज के साथ उनका मुकाबला आने वाले वर्षों तक टेनिस प्रशंसकों को खुश कर सकता है।

दिलचस्प बात है कि पिछली सात ग्रैंड स्लैम ट्रॉफियों को दोनों ने आपस में बांटा है जिसमें पिछली 12 में से नौ ट्रॉफियां शामिल हैं। संयोग से यह पहली बार है जब दो पुरुष खिलाड़ियों ने एक ही वर्ष में रोलां गैरां के क्ले कोर्ट और ऑल इंग्लैंड क्लब के ग्रास कोर्ट पर खिताबी मुकाबले खेले। इससे पहले रोजर फेडरर और राफेल नडाल ने 2006, 2007 और 2008 में ऐसा किया था। सिनर ने पिछले चार मेजर फाइनल में से प्रत्येक में भाग लिया है और यह सिलसिला पिछले सितंबर में अमेरिकी ओपन में जीत के साथ शुरू हुआ और उसके बाद उन्होंने इस जनवरी में ऑस्ट्रेलियन ओपन में एक और जीत हासिल की। अपनी दाहिनी कोहनी की सुरक्षा के लिए सफेद टेप और सफेद बांह की आस्तीन पहने हुए सिनर को कोई परेशानी नहीं हुई। उन्होंने सेमीफाइनल में 24 बार के मेजर चैंपियन नोवाक जोकोविच को बाहर करते समय भी कोई भी परेशानी महसूस नहीं की थी।





# तन्वी द ग्रेट देखकर इमोशनल हुए अक्षय कुमार

एक्टर-डायरेक्टर अनुपम खेर की फिल्म 'तन्वी द ग्रेट' थिएटर में रिलीज को तैयार है। अक्षय कुमार ने बुधवार को फिल्म देखी और अपने अनुभव को सोशल मीडिया पर शेयर किया। फिल्म देखने के बाद इमोशनल हुए एक्टर ने कहा कि कहानी शानदार है और इसने रुलाकर रख दिया। अक्षय कुमार ने इंस्टाग्राम के स्टोरीज सेक्शन पर लिखा कि यह फिल्म उनके दिल को छू गई। उन्होंने फिल्म को भावनात्मक और प्रेरणादायक बताया।

फिल्म का ट्रेलर शेयर करते हुए अक्षय ने अनुपम और उनकी टीम की तारीफ की। एक्टर ने कैप्शन में लिखा, तन्वी देखने में थोड़ी देर हुई, लेकिन खुशी है कि मैंने यह फिल्म देखी। तन्वी द ग्रेट एक ऐसी कहानी है, जिसने मुझे भावुक कर दिया और मैं तन्वी के लिए दिल से प्रार्थना करता हूं। मेरे दोस्त अनुपम खेर और पूरी टीम को ढेर सारी शुभकामनाएं। बड़े पर्दे पर इसे देखने का इंतजार है। इससे पहले अमिताभ बच्चन, शाहरुख खान, कंगना रनौत और अनिल कपूर जैसे सितारों ने भी सोशल मीडिया पर पोस्ट कर फिल्म की प्रशंसा की थी। शाहरुख ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स हैंडल पर लिखा, मेरे दोस्त अनुपम खेर, रिस्क लेने से पीछे नहीं हटते। तन्वी द ग्रेट का ट्रेलर शानदार है। इस सफर के लिए शुभकामनाएं। 'तन्वी द ग्रेट' अनुपम खेर के निर्देशन में बनी फिल्म है, जो 18 जुलाई को सिनेमाघरों में रिलीज होने के लिए तैयार है। इस फिल्म के साथ लीड एक्ट्रेस शुभांगी एक्टिंग में डेब्यू करने जा रही हैं। फिल्म में एक्टर जैकी श्रॉफ, अरविंद स्वामी, बोमन ईरानी, पल्लवी जोशी, करण टैकर और नासिर जैसे एक्टर्स महत्वपूर्ण भूमिकाओं में हैं। अनुपम खेर भी फिल्म में स्पेशल रोल में हैं। रितेश सिधवानी और फरहान अख्तर के एक्सेल एंटरटेनमेंट बैनर तले बनी यह फिल्म एक ऐसी लड़की की कहानी है, जो ऑटिज्म से जूझते हुए भारतीय सेना में शामिल होने का सपना देखती है।



# लगातार तीन फ्लॉप, अब 'मालिक' से हैं उम्मीदें;

## क्या बच पाएगा मानुषी का करियर

राजकुमार राव की फिल्म 'मालिक' सिनेमाघरों में रिलीज हो चुकी है। फिल्म को लेकर माहौल तो काफी बना था, लेकिन पहले दिन फिल्म बॉक्स ऑफिस पर वैसा कोई खास कमाल नहीं दिखा पाई। क्रिटिक्स ने भी फिल्म को मिली-जुली प्रतिक्रिया ही दी। फिल्म में पहली बार राजकुमार राव एक अलग अंदाज में नजर आ रहे हैं। वो फिल्म में एक गैंगस्टर का रोल निभा रहे हैं। ये फिल्म राजकुमार राव के लिए तो अहम है ही, लेकिन उनसे भी ज्यादा इस फिल्म की सफलता अभिनेत्री मानुषी छिल्लर के लिए जरूरी है। क्योंकि ये मानुषी छिल्लर की चौथी फिल्म है और अभिनेत्री को अभी भी अपने करियर की पहली हिट फिल्म की जरूरत है।

साल 2022 में मानुषी छिल्लर ने बॉलीवुड में अपना डेब्यू किया। मानुषी ने अपने डेब्यू के लिए एक दम परफेक्ट फिल्म और बैनर चुना था। उनकी पहली फिल्म अक्षय कुमार के साथ 'सम्राट पृथ्वीराज' थी। फिल्म बॉक्स ऑफिस पर औंधे मुंह गिरी और मानुषी का एक सफल डेब्यू का सपना अधूरा रह गया। इसके बाद मानुषी छिल्लर विक्की कौशल के साथ फिल्म 'द ग्रेट इंडियन फैमिली' में नजर आईं। यह फिल्म भी यशराज के बैनर तले ही बनी थी। यह फिल्म कब आई और कब चली गई किसी को पता भी नहीं चला। दो बैक टू बैक फ्लॉप के बाद मानुषी के हाथ एक बार फिर से बड़े बजट की फिल्म लगी। इस बार फिर उनके साथ फिल्म में अक्षय कुमार थे। इस बार साथ में एक्शन हीरो टाइगर श्रॉफ भी थे और एक बड़ी स्टारकास्ट थी। इस फिल्म को लेकर काफी बज क्रिएट किया गया था। लेकिन जब फिल्म बॉक्स ऑफिस पर आई तो धड़ाम हो गई। इस तरह से मानुषी छिल्लर के खाते में लगातार तीसरी बड़ी फ्लॉप आई।

### 'मालिक' बचा पाएगी मानुषी का डूबता करियर?

लगातार तीन बड़े बजट और प्रोडक्शन हाउस की फिल्में, जिनमें स्टार्स भी बड़े-बड़े थे। वो मिलने के बाद भी मानुषी छिल्लर को एक हिट अभी तक नहीं मिली है। यही कारण है कि डेब्यू को तीन साल हो गए हैं और मानुषी की सिर्फ तीन ही फिल्में आई हैं। तीनों ही बॉक्स ऑफिस पर डिजास्टर साबित हुई हैं। ऐसे में अब मानुषी के करियर के लिए राजकुमार राव की 'मालिक' का चलना बहुत जरूरी है। हालांकि, मालिक में मानुषी का किरदार छोटा है और स्क्रीन स्पेस भी इसी वजह से कम है। लेकिन वो कहते हैं न कि डूबते को एक तिनके का सहारा होता है। ऐसे में मानुषी के लिए मालिक का सफल होना ही जरूरी है, भले ही उसमें रोल उनका कितना भी हो। हालांकि, पहले दिन की कमाई को देखते हुए 'मालिक' के भी बड़ी हिट बनने की उम्मीद कम ही है।



# श्री श्री रविशंकर की बायोपिक के लिए खास तैयारी कर रहे विक्रांत

**अभिनेता विक्रांत मैसी जल्द ही आध्यात्मिक गुरु श्री श्री रविशंकर की जिंदगी पर आधारित फिल्म 'व्हाइट' में नजर आने वाले हैं। इसी बीच इस फिल्म से जुड़ी कुछ अहम जानकारियां अमर उजाला के हाथ लगी हैं। जानते हैं क्या हैं वो नई जानकारियां।**

### कोलंबिया में होगी अधिकांश शूटिंग

आज ही रिलीज हुई अपनी फिल्म आंखों की गुस्ताखियां के बाद अब विक्रांत मैसी अपनी अगली फिल्म 'व्हाइट' की शूटिंग में व्यस्त हो गए हैं। ये फिल्म आध्यात्मिक गुरु श्री श्री रविशंकर की जिंदगी पर आधारित है। फिल्म की लगभग 90 प्रतिशत शूटिंग दक्षिण अमेरिकी देश कोलंबिया में की जाएगी।

### कोलंबिया पर ही आधारित होगी कहानी

फिल्म से जुड़े एक करीबी सूत्र ने बताया, 'यह फिल्म सिर्फ एक बायोपिक नहीं है, बल्कि यह उस ऐतिहासिक घटना पर आधारित है जब श्री श्री रविशंकर ने कोलंबिया में चल रहे 52 साल पुराने संघर्ष को शांति से खत्म करने में मदद की थी। चूंकि ये सभी घटनाएं कोलंबिया की धरती पर घटी थीं, इसलिए उनकी सच्चाई को बनाए रखने के लिए ज्यादातर शूटिंग वहीं होगी।'

### किरदार में ढलने के लिए विक्रांत ने कैसे की तैयारी

विक्रांत ने इस किरदार की तैयारी के लिए हाल ही में बेंगलुरु स्थित 'आर्ट ऑफ लिविंग' आश्रम का दौरा किया था। यहां उन्होंने श्री श्री रविशंकर द्वारा शुरू किया गया 'हैप्पीनेस प्रोग्राम' भी अटैंड किया। विक्रांत ने वहां ध्यान, प्राणायाम और साधना के जरिए श्री श्री रविशंकर की एनर्जी और विचारधारा को महसूस करने की कोशिश की, ताकि फिल्म में उनकी मौजूदगी सिर्फ दिखावटी न लगे।

### कुछ यूं किरदार की तैयारी कर रहे विक्रांत

फिल्म में श्री श्री की भूमिका निभाने के लिए विक्रांत ने अपने बाल और दाढ़ी बढ़ाई है। इसके साथ ही विक्रांत, श्री श्री रविशंकर के बोलने के ढंग, मुस्कान, चलने और बैठने के तरीके को भी बारीकी से आत्मसात कर रहे हैं। एक्टर लगातार श्री श्री रविशंकर के वीडियो, भाषण और इंटरव्यू देख रहे हैं। इसके जरिए वे श्री श्री के व्यवहार और शारीरिक भाषा को भी बारीकी से समझने की कोशिश कर रहे हैं।

### अगस्त में कोलंबिया रवाना होंगे विक्रांत

विक्रांत पिछले कुछ दिनों से अपनी फिल्म 'आंखों की गुस्ताखियां' के प्रमोशन में जुटे हुए थे। अब वे कुछ समय अपने परिवार (पत्नी शीतल और बेटे वर्दान) के साथ बिताएंगे। इसके बाद अगस्त 2025 में वे इस फिल्म की शूटिंग के लिए कोलंबिया रवाना होंगे।

# नए अंदाज में रिलीज होगी बाहुबली, एसएस राजामौली ने की घोषणा

साउथ की ब्लॉकबस्टर फिल्मों में से एक बाहुबली द बिगनिंग को आज 10 साल पूरे हो गए हैं। प्रभास स्टारर इस फिल्म को 10 जुलाई 2015 को रिलीज किया गया था। फिल्म ने वर्ल्डवाइड शानदार कमाई की थी और सबसे सक्सेसफुल फिल्मों में अपना नाम दर्ज कराया। आज जब फिल्म को 10 साल पूरे हो गए हैं तो मेकर्स ने ऑडियंस को एक और तोहफा देने का ऐलान कर दिया है। दरअसल बाहुबली फिल्म के ऑफिशियल इंस्टाग्राम हैंडल से इस बात का ऐलान किया गया है कि बाहुबली के पहले और दूसरे पार्ट को एक साथ सिनेमाघरों में रिलीज किया जाएगा। बाहुबली मूवी ने लिखा है- 10 साल पहले, एक सवाल ने पूरे देश को एकजुट कर दिया था...अब वही सवाल और उसका जवाब लौट रहे हैं — एक भव्य महाकाव्य में साथ-साथ। बाहुबली द एपिक पूरी दुनिया में 31 अक्टूबर 2025 को रिलीज हो रही है। बाहुबली - द एपिक' दरअसल पहली और दूसरी फिल्म को मिलाकर दिखाए जाने वाला एक वर्जन होगा। इस फिल्म के जरिए मेकर्स एक बार फिर बाहुबली की यादों को पर्दे पर ताजा करना चाहते हैं। फिल्म के डायरेक्टर एस एस राजामौली ने इस मौके पर सोशल मीडिया पर एक भावुक पोस्ट शेयर की जिसमें उन्होंने लिखा, बाहुबली... कई यात्राओं की शुरुआत, अनगिनत यादें और अंतहीन प्रेरणा। 10 साल पूरे हो चुके हैं और इसे यादगार बनाने के लिए आ रही है बाहुबली द एपिक!



# बैटल ऑफ गलवां में चित्रांगदा की एंट्री



सलमान खान इन दिनों अपनी अपकमिंग फिल्म बैटल ऑफ गलवां को लेकर सुर्खियों में हैं। अब फिल्म को लेकर एक नई अपडेट सामने आई है। फिल्म में अभिनेत्री चित्रांगदा सिंह की एंट्री हो गई है। चित्रांगदा फिल्म में लीड एक्ट्रेस की भूमिका निभाएंगी। वहीं सलमान इस फिल्म के लिए खूब मेहनत कर रहे हैं। फिल्म में सलमान खान सोल्जर का किरदार निभाने के लिए अपने ऊपर काफी मेहनत कर रहे हैं। इंडिया टुडे के मुताबिक सलमान खान ने एक सोल्जर के किरदार में ढलने के लिए एक निजी ट्रेनर रखा है।


### सलमान के विपरीत होंगी चित्रांगदा सिंह



हाल ही में फिल्म के मेकर्स ने एलान किया कि फिल्म में सलमान खान के विपरीत चित्रांगदा सिंह होंगी। फिल्म के निर्देशक अपूर्व लाखिया ने जानकारी दी हम बैटल ऑफ गलवां की कास्ट में चित्रांगदा सिंह का स्वागत करते हुए बेहद उत्साहित हैं। उनका स्त्री रूप सलमान सर के गंभीर लेकिन शांत व्यक्तित्व से पूरी तरह मेल खाता है।

### जंक फूड और ड्रिंक्स छोड़ी

सलमान खान के वर्कआउट में वेट ट्रेनिंग और दौड़ना शामिल है। वह अपने जिम में एक उच्च दबाव वाले कक्ष में भी ट्रेनिंग लेते हैं। इस कक्ष को लेह की ऊंचाई के हिसाब से बनाया गया है ताकि उनका शरीर वहां के दबाव को सहन करने के काबिल हो जाए। इसके साथ ही सलमान खान ने जंक फूड और गैस वाले ड्रिंक को भी छोड़ दिया है।



**पर्दे पर संजीदा वकील शाहिद आजमी से लेकर होनहार श्रीकांत और स्त्री के मसखरे विकी, हर किरदार में पानी की तरह ढल जाने वाले एक्टर राजकुमार राव अपने नाम की तरह अदाकारी के भी राजकुमार हैं। अब अपनी नई फिल्म मालिक में भी वह गैंगस्टर के बिल्कुल नए अंदाज के लिए चर्चा में हैं। ऐसे में, हमने उनकी एक्टिंग, सिनेमा और व्यक्तित्व को लेकर की खास बातचीत -**

# पत्रलेखा ने मुझे एक बेहतर इंसान बनाया है, उन्हें हमेशा खुद से आगे रखता हूं

**आज आप उस मुकाम पर हैं कि आपकी फिल्म 800 करोड़ कमा रही है। इस सफलता के बाद क्या चुनौती रहती है?**

हमेशा कुछ नया खोजना, वो हमेशा का संघर्ष है। पहली फिल्म से मेरी कोशिश रही है कि मैं नया कुछ करता रहूं। खुद को बतौर एक्टर थोड़ा और आगे धकेलता रहूं। कभी भी एक तरह का फिल्में ना करूं, क्योंकि फिर एक कंफर्ट आ जाता है। मेरा चैलेंज यही रहा है कि कैसे मैं अच्छी कहानियां ढूंढूं। फिर, हर किरदार एक चैलेंज है। मैं कोशिश करता हूं कि उस किरदार को सबसे बेहतर बना पाऊं कि वह इससे बेहतर नहीं हो सकता था। आप किसी रोल को हल्के में नहीं ले सकते कि यह तो मैं कर दूंगा।

**आपकी फिल्म में डायलॉग है कि मालिक पैदा नहीं हुए तो क्या हुआ, बन तो सकते हैं। यह बात आपकी जिंदगी पर भी लागू होती है। आपको कब लगा कि स्टार परिवार में पैदा नहीं हुए तो क्या, स्टार बन तो सकते हैं?**

ये काफी पहले से है। मैं गुरुग्राम में एक ज्वाइंट फैमिली में पला-बढ़ा हूं और हम फिल्में बहुत देखते थे। हमने वीसीआर पर बहुत फिल्में देखी हैं, तो मुझे बचपन से ही फिल्मों के प्रति बहुत आकर्षण था। मैं नवीं-दसवीं में था, जब तय कर लिया था कि एक दिन फिल्म एक्टर बनना है। फिर, मैंने वहीं थिएटर करना शुरू कर दिया। फिर, एफटीआईआई में ऐक्टिंग कोर्स ज्वाइन कर लिया। किस्मत से मेरे पैरंट्स, खासकर मेरी मां बहुत सपोर्टिव थीं कि जिंदगी में जो भी करना है वो करो, बस ईमानदारी और मेहनत से करो। सच कहूं तो इस लाइन कि पैदा नहीं हुए तो क्या हुआ, बन तो सकते हैं, मैं इससे बहुत रिलेट कर पाता हूं। मेरा मानना है कि यह बात हर किसी पर लागू होती है कि आप अपनी जिंदगी के मालिक खुद बन सकते हैं।

**इधर, आप लगातार कॉमेडी करते हुए दिख रहे थे, ऐसे में मालिक जैसा एक्शन वाला किरदार सही ब्रेक मानते हैं?**

इसकी टाइमिंग अच्छी हो गई है। मैं भी ऐसा बहुत सुन रहा हूं, पढ़ रहा हूं कि बहुत स्मॉल टाउन कॉमेडी कर रहा हूं, जो कि सही भी है। पिछले एक साल में 3 कॉमेडी फिल्में आ गईं, स्त्री 2, विकी विद्या का वो वाला विडियो और भूल चूक माफ, पर उसके साथ श्रीकांत भी आई, जो एक बायोपिक थी। मैं और मिसेज माही भी आई, जो ड्रामा थी, पर कॉमेडी शायद लोगों को ज्यादा याद रहती है, तो मालिक की टाइमिंग सही हो गई है। हालांकि, मैंने ये सोचकर फिल्म नहीं की थी कि मुझे ब्रेक चाहिए। मैं हमेशा ही चैलेंजिंग काम ढूंढता रहता हूं। कुछ ऐसा जो मैंने पहले नहीं किया है। मालिक की कहानी बहुत पॉवरफुल है, इसलिए मैंने की।

**आपकी अगली फिल्म टोस्टर की निर्माता आपकी पत्नी पत्रलेखा हैं, वहां आप स्टार वाले नखरे दिखा पाए या बीवी होने के नाते वह कमान कसकर रखती थीं। आजकल एक्टर्स की लंबी-चौड़ी टीम पर लेकर भी बड़े सवाल उठ रहे हैं?**

पत्रलेखा बहुत अच्छी प्रोड्यूसर हैं। चूंकि, हम दोनों एक्टर हैं तो हमने सोचा कि इतने सालों में जो सीखा है, देखा है, उसे बेहतर ढंग से अपने सेट पर लागू करें और हम दोनों ने अपनी मांओं के नाम को मिलाकर अपना प्रोडक्शन हाउस शुरू किया है। बाकी, नखरे तो मैं कहीं भी नहीं करता हूं। मैं जहां पर काम करता हूं, सबको साथ लेकर चलता हूं। सबके साथ बैठकर खाना खाता हूं, हंसता-बोलता हूं। मेरा मानना है कि बतौर प्रोड्यूसर अगर आपको किसी की मांग वाजिब नहीं लगती तो आप मत दीजिए। आपको बतौर प्रोड्यूसर बहुत सख्त होना चाहिए कि ये नहीं देना है। मेरी तो चार लोगों की टीम है जो पिछले 10 साल से मेरे साथ हैं। आज भी वही हैं, क्योंकि मुझे लगता नहीं कि और किसी की जरूरत है। सब अच्छे से हो रहा है, सब चल रहा है। अगर आपको बतौर प्रोड्यूसर दिक्कत लगती है कि कोई 15-20 लोगों की टीम मांगता है तो मत दीजिए आप।

**पत्नी पत्रलेखा को आप हमेशा खुद से आगे रखते हैं। यह खूबी कम पतियों में मिलती है। ये गुर कहां से सीखा?**

यह मेरी परवरिश रही है। जो वैल्यूज मुझे मिले मेरी फैमिली से, मेरी मां से। मैंने अपनी मां को जिंदगी में बहुत स्ट्रगल करते हुए देखा है तो दूसरे जेंडर के लिए मेरे मन में बहुत ज्यादा सम्मान है। मैं बिल्कुल भी नहीं चाहता कि जो चीजें मेरी मां ने झेली हैं, वो मेरी वजह से किसी को झेलनी पड़े। इसलिए, मैं एक्स्ट्रा आगे जाकर कोशिश करता हूं कि गलती से भी मेरे से ऐसा ना हो। फिर, पत्रलेखा तो मेरी पत्नी हैं तो और ज्यादा जरूरी है कि उनको कभी जिंदगी में ऐसा ना लगे, तो यह नैचरली मेरे डीएनए में ही है।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, राजेश चौधरी द्वारा वत्स ऑफसैट, मुद्दा हाउस, सी. ब्लॉक, बारात घर के सामने, सेक्टर-22, नोएडा से मुद्रित तथा ई-189, सेक्टर-63, नोएडा गौतमबुद्धनगर उ.प्र. से प्रकाशित।
संपादकः जितेन्द्र चौधरी, आरएनआई नं. UPHIN/2014/55236, किसी भी विवाद के लिए पीआरबी एक्ट अंतर्गत उत्तरदायी, फोन नं.: 9999511233, ई-मेल : vishalindianews@gmail.com, वेब : www.vishalindia.in